आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक
# उजाला हितैषी एक्सप्रेस
सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 171 | हापुड़, मंगलवार 07 जनवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## ममता लोकप्रिय राजनीतिक दल बनाने में सफल रहीं, जो नेताजी भी नहीं कर सके- तृणमूल नेता

कोलकाता । तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता कुणाल घोष ने कहा कि पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी एक लोकप्रिय राजनीतिक दल बनाने में सफल रहीं जो काम संसदीय राजनीति में नेताजी सुभाष चंद्र बोस भी नहीं कर पाए थे। बोस ने 1939 में कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद 'ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक' का गठन किया था। घोष ने रविवार को कहा, ''ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो नेताजी महत्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानी हैं, लेकिन पार्टी बनाने के बाद संसदीय राजनीति में असफल रहे।'' उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी के लिए लोकप्रिय राजनीतिक दल बनाना दुर्लभ बात है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, संघर्ष करने की ममता बनर्जी की क्षमता को पहचानने में नाकाम रही। पार्टी नेतृत्व के साथ मतभेदों के बाद बनर्जी को 1997 में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया गया। घोष ने कहा, ''लेकिन बंगाल के लोगों ने कांग्रेस से उनके निष्कासन को स्वीकार नहीं किया और इसीलिए उन्होंने उनकी पार्टी को उस मुकाम पर पहुंचाया जिसकी वह हकदार थी।''घोष की यह टिप्पणी कांग्रेस की प्रदेश इकाई के पूर्व प्रदीप भट्टाचार्य के शनिवार के उस दावा के बाद आई जिसमें उन्होंने कहा था कि बनर्जी के निष्कासन ने पश्चिम बंगाल में पार्टी की स्थिति को कमजोर कर दिया। पूर्व सांसद भट्टाचार्य ने कहा कि कांग्रेस की प्रदेश इकाई के तत्कालीन प्रमुख सोमेन मित्रा ने उस समय के पार्टी प्रमुख सीताराम केसरी के निर्देश पर 1997 में बनर्जी को निष्कासित कर दिया था।

## पटनायक ने भाजपा की 'डबल इंजन' सरकार को लोगों के लिए 'दोहरा झटका' करार दिया

भुवनेश्वर । बीजू जनता दल (बीजद) के अध्यक्ष और विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने मोहन माझी के नेतृत्व वाली ओडिशा सरकार की आलोचना करते हुए सोमवार को इसे डबल इंजन, डबल ब्लो'' (दोहरा इंजन, दोहरा झटका) प्रशासन करार दिया। आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ बीजद के विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए पटनायक ने भाजपा नीत सरकार पर जनता के भरोसे के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार झूठे विमर्श और वादे करके सत्ता में आई है। भाजपा को बीजद से कम वोट मिले हैं। सत्तारूढ़ पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पटनायक ने कहा,''डबल इंजन, डबल झटका। 'डबल इंजन' वाली सरकार लोगों को दो तरफ से मार रही है - मूल्य वृद्धि और जीएसटी। उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा नीत केंद्र सरकार ने हर उत्पाद पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) लगा दिया है। गरीब लोग इसका खामियाजा भुगत रहे हैं और उन्हें पहले से कहीं अधिक जीएसटी देना पड़ रहा है। पटनायक ने कहा, ''यह सरकार जनता की सरकार होने का दावा करती है, लेकिन इसका जनता के सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं है।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखी

भुवनेश्वर ।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को ऑनलाइन माध्यम से ओडिशा में रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखी। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। ओडिशा के राज्यपाल कंभमपति हरि बाबू भुवनेश्वर से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल हुए। आधारशिला रखने के बाद मोदी ने कहा कि रायगढ़ रेलवे मंडल ओडिशा में रेलवे संपर्क को मजबूत करेगा, खासकर दक्षिणी क्षेत्र में जहां राज्य के अधिकतर आदिवासी रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''यह रेलवे मंडल क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।''मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना और ओडिशा में रेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इन क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रगति होगी।''करीब 107 करोड़ रुपये की इस परियोजना का उद्देश्य रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना है ताकि क्षेत्र को लाभ मिले। रायगढ़ रेलवे मंडल भवन में कुशल ट्रेन संचालन सुनिश्चित करने के लिए कई प्रमुख घटक शामिल होंगे, जिसमें रायगढ़ में मंडल का मुख्यालय, एक आधुनिक डीआरएम कार्यालय भवन और रेलवे संचालन का प्रबंधन करने के लिए एक 'डिवीजनल कंट्रोल ऑफिस' शामिल है।

## मुख्यमंत्री मान ने गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर भट्ठा साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका

चंडीगढ़ । पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को दसवें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर रूपनगर जिले के ऐतिहासिक भट्ठा साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका। मान अपनी पत्नी के साथ गुरुद्वारे गए थे। गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1666 में पटना साहिब में हुआ था। उन्होंने 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। इससे पहले, मान ने लोगों को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व की बधाई दी।

## शाहजहांपुर में बस-ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर, दस घायल

शाहजहांपुर । नेपाल से चंडीगढ़ जा रही बस कोहरे में सड़क किनारे खड़ी ईंटों से भरी ट्रॉली से टकरा गई। जिससे बस में सवार 16 यात्री घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। रविवार देर रात नेपाल के कृष्णानगर बढ़नी बॉर्डर से एक बस यात्रियों को लेकर चंडीगढ़ जा रही थी। सोमवार सुबह बस खुटार पहुंची तो हाईवे पर तिकुनिया तिराहे के पास सड़क किनारे खड़ी ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली में बस टकरा गई। बताया जा रहा चालक खोखे पर गुटखा की पुड़िया लेने चला गया था। कोहरा अधिक होने की वजह से बस पीछे से टकरा गई। जिससे बस में सवार सुभाष की पत्नी सीता देवी, बहन सविता उसका तीन वर्ष का बेटा सुशील, शोभबहादुर, मोहन,पवित्रा,दीपक कुमार, पूरन, अनूप समेत 16 यात्री घायल हो गए। सभी नेपाल के रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। प्रभारी निरीक्षक आरके रावत ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है घायल यात्री खतरे से बाहर हैं।

## बिना नाम लिए अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा हार के डर से कर रही नकारात्मक बातें

लखनऊ ।समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा की मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में की जा रही उपचुनाव की तैयारी पर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा है कि भाजपा हार से डर गयी है। इस कारण वह नकारात्मक बातें कर रही है। अखिलेश यादव ने बिना किसी पार्टी का नाम लिये कहा है कि नाकारात्मक बातें डरे हुए लोगों की निशानी होती है। इसी सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर में सभा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा था और जीत का मंत्र दिया था। इस पर बिना नाम लिये अखिलेश यादव ने कहा कि हार से बचने का मंत्र खुद को देने की जरूरत है। संकेतों में ही उन्होंने यह भी बता दिया कि यहां योगी आदित्यनाथ और केंन्द्र सरकार के बीच लड़ाई चल रही है। इससे खुद को बचाने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, ' जो हार के डर से ग्रसित होते हैं, वही नकारात्मक बातें करते हैं। नकारात्मक बातें करना डरे हुए लोगों की पहली निशानी होती है। दो राजधानियों की आपसी लड़ाई में किसी को 'हार से बचने का मंत्र' खुद को देने की जरूरत ज्यादा है।

# सीएम योगी ने गिनाई यूपी की उपलब्धियां, बोले - तंत्र वही है, बस सरकार का चेहरा बदला है



लखनऊ । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शहीद का बलिदान कौम की जिंदगी होती है। देश, धर्म के लिए बलिदान होने वाली लंबी श्रृंखला सदैव से समाज को नया जीवन देती रही है। आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर पीएम मोदी ने आगामी 25 वर्ष का लक्ष्य रखते हुए कहा कि देश को 2047 तक विकसित भारत बनाना है। उन्होंने पंच प्रण की बात कही। इसमें मुख्यत: गुलामी के अंशों को सर्वथा समाप्त करना, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति, सुरक्षा बलों के जवानों का सम्मान करना है। उन्होंने सोमवार को होटल ताज में आयोजित शौर्य सम्मान-2025 कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने शहीदों के परिजनों सहित उत्तर प्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया। सीएम योगी ने कहा कि जवान सर्दी, गर्मी, बरसात की परवाह किए बिना देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं। इस समय भी जब माइनस 20, 25, 10 तापमान है, तब देश की सीमाओं पर भारत मां के जवान दिन-रात खड़े होकर, पुलिस बल के जवान निरंतर पेट्रोलिंग में रहकर आमजन के मन में सुरक्षा का भाव पैदा करते हैं। यदि समाज आर्मी, पैरामिलिट्री, पुलिस बल के जवानों का सम्मान नहीं करेगा या शहीद परिवारों के बारे में नहीं सोचेगा तो इसका मतलब हम राष्ट्रीय दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां 1965-1971 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए युद्ध में भागीदार, शहीदों के परिजनों, भारतीय सेना के जवानों, देश के अंदर विभिन्न ऑपरेशन में भाग लेने वाले स्मृतिशेष जवानों के परिजनों का सम्मान हुआ। सुरक्षा के बिना सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। स्वतंत्रता का अहसास हो, लेकिन हमारी स्वतंत्रता दूसरे की स्वतंत्रता में बाधा न बने। बाबा साहेब ने जो संविधान दिया, उसके अनुसार सुरक्षा की पहली शर्त सुशासन है। सुशासन की स्थापना के लिए जो जवान दिन-रात लगे रहते हैं, उन्हें सम्मान देना राष्ट्रीय दायित्वों के निर्वहन जैसा है। सीएम योगी ने 2017 के पहले और अब के उत्तर प्रदेश का अंतर बताते हुए कहा कि 2017 के पहले कोई सुरक्षित नहीं था। नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ होता था। उनके पास नौकरी और रोजगार नहीं था। यूपी की पहचान दंगाग्रस्त और अराजक प्रदेश के रूप में थी। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षित है। स्वतस्फूर्त भाव के साथ प्रदेश में सभी कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं। तंत्र वही है, बस सरकार का चेहरा बदल गया। यह वही प्रदेश है, जहां पहले कोई निवेश नहीं करता था। 2017 के पहले हर परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े होते थे। प्रत्येक सप्ताह दो से तीन बड़े दंगे होते थे, लेकिन आज प्रदेश दंगामुक्त है। सर्वाधिक निवेश को आमंत्रित करने वाला प्रदेश है। बिना भेदभाव के योग्यता के आधार पर सरकारी-निजी क्षेत्र में नौकरी और रोजगार की गारंटी देने वाला प्रदेश है। सीएम योगी ने कहा कि जिस प्रदेश में 40 हजार करोड़ का निवेश नहीं आता था, उस प्रदेश में आज 40 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिससे 1.25 करोड़ नौकरी की गारंटी मिली। बदली परिस्थितियों की नींव में सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की बेहतर स्थिति है। इसके लिए हमने अपने जवान भी खोए हैं। 2017 में प्रदेश सरकार ने पॉलिसी बनाई कि कोई जवान (सेना, अर्धसेना, पुलिस बल) शहीद होता है तो उसके परिवार की जिम्मेदारी सरकार की होगी। हमने 1.50 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों के खाली पदों को भरा। उन्होंने कहा कि 2017 के पहले पुलिस भागती थी, अपराधी दौड़ाता था। आज अपराधी हांफते-हांफते मर रहा है। पुलिस, अपराधी और उनके आकाओं को सही जगह पहुंचा रही है। यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश का बदला स्वरूप है। यहां सुरक्षा, सम्मान, पहचान भी है। इस साल के अंत तक जब गंगा एक्सप्रेसवे बन जाएगा तो देश का 55 फीसदी एक्सप्रेसवे यूपी के पास होगा। सबसे अधिक रेलवे नेटवर्क, एयरपोर्ट, मेट्रो संचालित, सर्वाधिक नगर निकाय, आस्था को गौरव के साथ आगे बढ़ाने वाला प्रदेश उत्तर प्रदेश होगा। सीएम ने कहा कि 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज की धरती पर महाकुंभ-2025 होने जा रहा है। यह मुहूर्त 144 वर्ष बाद आया है। महाकुंभ के बहाने प्रयागराज और आसपास के शहरों का भी कायाकल्प हुआ है। 200 से अधिक सड़कों को सिंगल से डबल, डबल से फोरलेन, फोरलेन से सिक्सलेन बनाया गया। एक वर्ष में एक शहर में 14 नए फ्लाईओवर बनकर तैयार हुए। रेलवे स्टेशनों का पुनरुद्धार हुआ, एयरपोर्ट नए सिरे से देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अक्षयवट, सरस्वती देवी, बड़े हनुमान, महर्षि भारद्वाज, श्रृंगवेरपुर, पातालपुरी कॉरिडोर आदि पहली बार देखने को मिलेंगे। दुनिया की तीसरी बड़ी आबादी के बराबर श्रद्धालु प्रयागराज आएंगे। एक दिन में 10 करोड़ श्रद्धालु भी आ गए तो आसानी से स्नान कर पुण्य प्राप्त करेंगे। स्वच्छ महाकुंभ के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज की व्यवस्था है। 1.50 लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में इस सदी का महाकुंभ डिजिटल महाकुंभ के रूप में जाना जाएगा। प्रयागराज महाकुंभ आस्था और आधुनिकता का संगम होगा। अयोध्या, काशी, मां विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट, लखनऊ, श्रृंगवेरपुर आदि आध्यात्मिक विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने भारतीय संस्कृति के समागम में सभी को आमंत्रित किया।

## उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की



नई दिल्ली । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पोस्ट किया, राष्ट्र उन्नति के महायज्ञ में याज्ञिक की भूमिका का निर्वहन करने वाले, वैश्विक पटल पर मां भारती की कीर्ति पताका लहराकर समस्त देशवासियों को गौरवान्वित करने वाले महान युगद्रष्टा, देश के समग्र विकास के लिए अहर्निश समर्पित रहने वाले राष्ट्रऋषि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से नई दिल्ली में भेंट कर विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्हें मलारी (चमोली) क्षेत्र की प्रसिद्ध हस्तनिर्मित शॉल एवं पिथौरागढ़ स्थित नारायण आश्रम की प्रतिकृति भेंट की।

## जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना समेत देशभर में रेल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध- पीएम मोदी



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि है कि उन्हें आज कई रेल परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का सौभाग्य मिलेगा। पीएम मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और तेलंगाना समेत देशभर में रेल कनेक्टिविटी को और बेहतर बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में सोमवार दोपहर करीब 12.30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कई रेल परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास का सौभाग्य मिलेगा। बता दें कि पीएम मोदी विभिन्न रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने वाले हैं। क्षेत्र में कनेक्टिविटी को और बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में पीएम मोदी नए जम्मू रेलवे मंडल का उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी तेलंगाना में चेरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन और ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ रेलवे मंडल भवन का शिलान्यास भी करेंगे। कुल 742.1 किलोमीटर लंबे पठानकोट-जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला, भोगपुर सिरवाल-पठानकोट, बटाला-पठानकोट और पठानकोट से जोगिंदर नगर खंड वाले जम्मू रेलवे मंडल के निर्माण से जम्मू-कश्मीर तथा आसपास के क्षेत्रों को काफी फायदा होगा। वहीं, लंबे समय से लंबित लोगों की आकांक्षाएं पूरी होंगी और भारत के अन्य हिस्सों के साथ कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे, बुनियादी ढांचे का विकास होगा, पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास संभव होगा। तेलंगाना के मेडचल-मलकाजगिरी जिले के चेरलापल्ली स्थित नए टर्मिनल स्टेशन को करीब 413 करोड़ रुपये की लागत से दूसरे प्रवेश के प्रावधान के साथ एक नए कोचिंग टर्मिनल के रूप में विकसित किया गया है। उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं से लैस पर्यावरण के अनुकूल यह टर्मिनल सिकंदराबाद, हैदराबाद और काचीगुडा में स्थित मौजूदा कोचिंग टर्मिनलों पर भीड़ को कम करेगा। पीएम नरेंद्र मोदी ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ रेलवे मंडल भवन का शिलान्यास करेंगे। इससे ओडिशा, आंध्र प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी बेहतर होगी और क्षेत्र का समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास संभव होगा।

# दिल्ली में महिलाओं को हर माह देंगे 2500 रुपये - कांग्रेस




नई दिल्ली । कांग्रेस ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी की महिला सम्मान योजना के जवाब में सोमवार को कहा कि सरकार बनने पर दिल्ली में महिलाओं के लिए %प्यारी दीदी योजना% लागू की जाएगी जिसके तहत हर महीने महिलाओं को 2500 रुपये दिए जायेंगे। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, दिल्ली कांग्रेस प्रभारी निजामुद्दीन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा तथा कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी नायक ने सोमवार को यहां दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस जो वादा करती है उसे निभाती है और दिल्ली में सत्ता में आने पर महिलाओं को प्यारी दीदी योजना के तहत 2500 रुपए दिए जाएंगे। श्री शिव कुमार ने कहा कि कर्नाटक में सत्ता में आने के बाद कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उन सबको लागू किया है। उन्होंने कहा, कर्नाटक में सभी गारंटी कार्यक्रमों के सफल शुभारंभ के बाद, हम दिल्ली में %प्यारी दीदी% योजना शुरू कर रहे हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी और हम पहले दिन हर महिला को 2500 रुपये की योजना लागू करेंगे। कर्नाटक मॉडल के अनुसार, दिल्ली में भी वही गारंटी लागू की जाएगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस की ताकत ही देश की ताकत है और कांग्रेस का इतिहास ही देश का इतिहास है। इस नए साल में दिल्ली में बदलाव आना चाहिए और मुझे उम्मीद है कि सब लोग दिल्ली में कांग्रेस की सरकार लाने में हमारी मदद करेंगे। हमने जो भी वादा किया था, उसे हमने कर्नाटक में पूरा किया है और शपथ लेने के बाद सिर्फ तीन महीने में सभी पांचों गारंटियों को लागू किया गया है। हमारी गारंटियों से कर्नाटक के युवाओं, परिवारों और आर्थिक स्थिति में बदलाव आया है और लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देश के समाज के हर वर्ग का ख्याल रखने की कल्पना की थी, हम अपनी नीतियों के माध्यम से इसे सुनिश्चित करेंगे। श्री यादव ने कहा, कांग्रेस का एक इतिहास और परंपरा है, जिसकी विश्वसनीयता जनता के बीच में है। कर्नाटक में हमारी सरकार गृहलक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 2,000 रुपए दे रही है। इसके अलावा, कर्नाटक में गृह ज्योति योजना, अन्न भाग्य योजना और युवा निधि योजना भी जारी है। इन योजनाओं के चलते राज्य के परिवारों के हजारों रुपये बच रहे हैं। इसी तरह, हम तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में भी कई जनहित की योजनाएं चलाकर लोगों को लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा, दिल्ली में एक बहरूपिया और सपनों का सौदागर है। वो लगातार लोगों को सपने दिखाने का काम कर रहा है और 11 साल में दिल्ली बद से बदतर होती जा रही है। उसके दिखाए हर सपने टूटते नजर आ रहे हैं। उन्होंने 11 साल में जिस शिक्षा मॉडल, बिजली-पानी फ्री, भ्रष्टाचार मिटाने की बात की थी, उन सभी पहलुओं पर श्री केजरीवाल फेल साबित हुए हैं।

हमें खुशी है कि हम आपके सामने प्यारी दीदी योजना लेकर आए हैं। आने वाले समय में हम आपके लिए और योजनाएं लेकर आएंगे, जो दिल्ली के लिए बहुत जरूरी हैं। कांग्रेस की दिल्ली इकाई के प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस समाज कल्याण और महिला सशक्तीकरण से जुड़ी पहली गारंटी लॉन्च कर रही है। समाज कल्याण और महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए कांग्रेस हमेशा तत्पर रही है। कर्नाटक में भी सरकार बनते ही कांग्रेस ने समाज कल्याण की अपनी योजना पहली कैबिनेट में तय कर लागू की थी। इसलिए महिला सशक्तीकरण के लिए दिल्ली में कांग्रेस जरूरी है।

## दिल्ली चुनाव 2025-रमेश बिधूड़ी के बयान पर रो पड़ीं आतिशी, बोलीं- काम के आधार पर वोट मांगे, मेरे बुजुर्ग पिता को गाली देकर नहीं




नई दिल्ली ।नई दिल्ली की कालका जी विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार के रमेश बिधूड़ी के बयान पर दिल्ली की सीएम आतिशी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान रो पड़ीं। उन्होंने कहा कि बिधूड़ी ने उनके पिता को गालियां दी। देश की राजनीति घटिया स्तर पर पहुंच चुकी हैं। दरअसल, दिल्ली की सीएम आतिशी, राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा दिल्ली की फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के बाद प्रेस वार्ता कर रहे थे और बीजेपी पर वोटों का घोटाला करने का आरोप लगा रहे थे। इसी बीच जब पत्रकारों ने आतिशी से रमेश बिधुड़ी के बयान को लेकर सवाल किया तो वो भावुक हो गईं और उन्होंने कहा कि मेरे पिताजी जिंदगी भर शिक्षक रहें। उन्होंने दिल्ली के हजारों गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार से आने वाले बच्चों को पढ़ाया है और आज वो 80 साल के हो गए हैं। इतना कहते ही आतिशी रोने लगीं। उन्होंने कहा कि वो इतने बीमार रहते हैं कि बिना सहारे के चल भी नहीं पाते हैं। आतिशी ने आगे कहा कि आप चुनाव के लिए इतनी घटिया हरकत करेंगे। ऐसे बुजुर्ग व्यक्ति को गालियां देने पर उतर आएंगे। इस देश की राजनीति इतनी घटिया स्तर पर गिर सकती है, ये मैं सोच भी नहीं सकती। रमेश बिधूड़ी खुद दक्षिणी दिल्ली से 10 साल तक सांसद रहे वो बताएं कि उन्होंने क्या काम किया। वो अपने काम के आधार पर वोट मांगे। मेरे बुजुर्ग पिता जी को गाली देकर वोट मांग रहे हैं, ये बहुत गलत बात है। बता दें कि बीजेपी उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने कहा था कि आतिशी मार्लेना से सिंह हो गई है। उन्होंने अपना बाप बदल लिया है।

# संपादकीय

## काबू में रखें कामनाएं

यह एक सत्य है कि शरीर में जितने रोम होते हैं, उनसे भी अधिक होती हैं-इच्छाएं। ये इच्छाएं सागर की उछलती-मचलती तरंगों के समान होती हैं। मन-सागर में प्रतिक्षण उठने वाली लालसाएं वर्षा में बांस की तरह बढ़ती ही चली जाती हैं। अनियंत्रित कामनाएं आदमी को भयंकर विपदाओं की जाज्वल्यमान भट्टी में फेंक देती है, वह प्रतिक्षण बेचैन, तनावग्रस्त, बड़ी बीमारियों का उत्पादन केंद्र बनता देखा जा सकता है। वह विपुल आकांक्षाओं की सघन झाड़ियों में इस कदर उलझ जाता है कि निकलने का मार्ग ही नहीं सूझता। वह परिवार से कट जाता है, स्नेहिल रिश्तों के रस को नीरस कर देता है, समाज-राष्ट्र की हरी-भरी बगिया को लील देता है। न सुख से जी सकता है, न मर सकता है। आज का आदमी ऐसा ही जीवन जी रहा है, वह भ्रम में जी रहा है। जो सुख शाश्वत नहीं है, उसके पीछे मृगमरीचिका की तरह भाग रहा है। धन-दौलत, जर, जमीन, जायदाद कब रहे हैं इस संसार में शाश्वत? पर आदमी मान बैठा कि सब कुछ मेरे साथ ही जाने वाला है। उसको नहीं मालूम की पूरी दुनिया पर विजय पाने वाला सिकन्दर भी मौत के बाद अपने साथ कुछ नहीं लेकर गया, खाली हाथ ही गया था। फिर क्यों वह परिग्रह,मूर्च्छा, आसक्ति, तेरे-मेरे के चक्रव्यूह से निकल नहीं पाता और स्वार्थों के दल-दल में फंसकर कई जन्म खो देता है। चाह सुख-शांति की, राह कामना-लालसाओं की, कैसे मिले सुख-शांति? क्या धांय-धांय धधकती तृष्णा की ज्वाला में शांति की शीतल बयार मिल सकती है? धधकते अंगारों की शैय्या पर या खटमल भरे खाट पर सुख की मीठी नींद आ सकती है? क्या कभी इच्छा-सुरसा का मुख भरा जा सकता है? सुख-शांति का एकमात्र उपाय है-इच्छा विराम या इच्छाओं का नियंत्रण। जिसने इच्छाओं पर नियंत्रण करने का थोड़ा भी प्रयत्न किया, वह सुख के नंदन वन को पा गया। आकांक्षाएं-कामनाएं वह दीमक है, जो सुखी और शांतिपूर्ण जीवन को खोखला कर देती है। कामना-वासना के भंवरजाल में फंसा मन, लहलहाती फसल पर भोले मृग की तरह इन्द्रिय विषयों की फसल पर झपट पड़ता है। आकर्षक-लुभावने विज्ञापनों के प्रलोभनों में फंसा तथा लिविंग स्टैंडर्ड जीवन स्तर के नाम की आड़ में आदमी ढेर सारी अनावश्यक वस्तुओं को चाहने लगता है, जिनका न कहीं ओर है न छोर। एक समय में कुछ ही चीजों में इंसान संतोष कर लेता था पर आज ?3-हर वस्तु को पाने की हर इंसान में होड़-सी लगी हुई है। बेतहाशा होड़ की अंधी दौड़ में आदमी इस कदर भागा जा रहा है कि न कहीं पूर्ण विराम है, न अर्ध-विराम। विपुल पदार्थ, विविध वैज्ञानिक सुविधाओं के बावजूद आज का इच्छा-पुरुष अशांत, क्लांत, दिग्भ्रांत और तनावपूर्ण जीवन जी रहा है। और भोग रहा है-बेचैनी से उत्पन्न प्राणलेवा बीमारियों की पीड़ा। भगवान महावीर का जीवन-दर्शन हमारे लिये आदर्श है, क्योंकि उन्होंने अपने अनुभव से यह जाना कि सोया हुआ आदमी संसार को सिर्फ भोगता है, देखता नहीं जबकि जागा हुआ आदमी संसार को भोगता नहीं, सिर्फ देखता है। भोगने और देखने की जीवनशैली ही महावीर की सम्पूर्ण जिन्दगी का व्याख्या सूत्र है। और यही व्याख्या सूत्र जन-जन की जीवनशैली बने, तभी आदमी समस्याओं से मुक्ति पाकर सुखी और शांतिपूर्ण जीवन का हार्द पा सकता है। समस्याएं जीवन का अभिन्न अंग है जिसका अंत कभी नहीं हो सकता। एक समस्या जाती है तो दूसरी आ जाती है। यह जीवन की प्राकृतिक चक्रीय प्रक्रिया है। वर्तमान युग में कोई भी व्यक्ति ऐसा नहीं है जिसे किसी प्रकार की समस्या न हो। आप घर के स्वामी हैं, समाज एवं संस्था के संचालक हैं या किसी भी जनसमूह के प्रबंधक हैं एवं व्यवस्थापक हैं कठिनाइयों का आना अनिवार्य है। व्यक्ति चाहे अकेला हो या पारिवारिक, समस्याएं सभी के साथ आती है तो सारी समस्याओं का समाधान है अटल धैर्य। धैर्य के बल पर हीं समस्याओं से मुक्ति मिल सकती है। हमें इस तथ्य एवं सच्चाई को मानना होगा कि जीवन में सदैव उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, जीवन में ऐसी घटनाएं घट जाती हैं जिनकी हम कभी कल्पना भी नहीं कर सकते, लेकिन हमें किसी भी अनुकूल प्रतिकूल परिस्थितियों में अपना धैर्य एवं संतुलन नहीं खोना चाहिए। जीवन के प्रति हमारा नजरिया भोगवादी न होकर संयममय हो। जीवन तंत्र, समाज तंत्र व राष्ट्रतंत्र चलाने में अर्थ व पदार्थ अवश्य सार्थक भूमिका निभाते हैं पर जब अर्थ व पदार्थ मन-मस्तिष्क पर हावी हो जाते हैं, तंत्र फेल हो जाते हैं। अर्थ व पदार्थ जीवन निर्वाह के साधन मात्र हैं, साध्य नहीं। गलती तब होती है जब उन्हें साध्य मान लिया जाता है। साध्य मान लेने पर शुरू होती है-अर्थ की अंधी दौड़ और अनाप-शनाप पदार्थों को येनकेन प्रकारेण पाने की जोड़-तोड़, अंधी दौड़ और जोड़तोड़ में आंखों पर जादुई पट्टी बंध जाती है, तब उसे न्याय-इन्साफ, धर्म-ईमान, रिश्ते-नाते, परिवार, समाज व राष्ट्र कुछ नहीं दीखता, दीखता है-केवल अर्थ, अर्थ और अर्थ...। मानव हम दो में सिमटता, सिकुड़ता जा रहा है फलत: मानवीय संबंध बुरी तरह से प्रभावित हो बिखर रहे हैं, परिवार टूट रहे हैं, स्नेहिल संबंधों में दरारें पड़ रही है, हम पिया- हमारा बैल पीया का मनोभाव भारतीय संस्कृतिके मूलभूत सिद्धांत-सदाचार, सद्भाव, शांति-समता, समरसता को खत्म करने पर तुले हुए हैं। मनुष्य स्वभावत: कामना बहुल होता है। एक लालसा-कामना अनेक लालसाओं की जननी बनती है। जबकि छह फुट जमीन, शायद यही होती है-वास्तविक आवश्यकता। यह है कामनाओं की अंधी दौड़ की अंतिम परिणति। आकांक्षाओं से मूर्च्छित चेतन को जीवित करने के लिए सही समझ का संजीवन चाहिए। सुकरात का सुवचन है-ज्यों-ज्यों व्यक्ति इच्छाओं को कम करता है, देवताओं के समकक्ष हो जाता है। सुख, शांति और स्वास्थ्य का उपहार पा लेता है।

## कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का नया ट्रेलर रिलीज़



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का नया ट्रेलर रिलीज हो गया है। ज़ी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फ़िल्म्स निर्मित, इमरजेंसी की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, यह कहानी केवल एक विवादास्पद नेता के बारे में नहीं है; यह आज भी प्रासंगिक विषयों में गहराई से जाती है। फिल्म 'इमरजेंसी' में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन,श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है। इमरजेंसी में अनुपम खेर जयप्रकाश नारायण,श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ,महिमा चौधरी पुपुल जयकर, विशाक नायर संजय गांधी,और दिवंगत सतीश कौशिक जगजीवन राम के किरदार में नजर आयेंगे। यह फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होगी।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की घटी चमक



नई दिल्ली । घरेलू सर्राफा बाजार में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। सोने के भाव में आई गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 78,850 रुपये से लेकर 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,290 रुपये से लेकर 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज गिरावट आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में इसकी कीमत 91,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 78,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 78,850 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 78,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 72,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## ऋषि धवन ने सीमित ओवर के क्रिकेट से संन्यास लिया



नई दिल्ली । हिमाचल प्रदेश के स्टार ऑलराउंडर और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके ऋषि धवन ने सीमित ओवर के क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान किया है। वर्तमान में विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी में हिमाचल प्रदेश की कप्तानी कर रहे ऋषि ने यह घोषणा अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के ज़रिये की। उन्होंने लिखा कि यह फ़ैसला भारी मन से लिया गया है, लेकिन उन्हें अपने करियर पर गर्व है और कोई पछतावा नहीं है। ऋषि ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा है कि यह संन्यास सिर्फ़ सीमित ओवर के क्रिकेट से है। इसका मतलब है कि वह खेल के सबसे बड़े प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। रणजी ट्रॉफ़ी के बाक़ी बचे दो मुक़ाबले में उनके हिस्सा लेने की उम्मीद है। ऋषि ने भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20 मैच खेला है। उन्होंने जनवरी 2016 में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ़ वनडे डेब्यू किया था। उसी साल ज़िम्बाब्वे के ख़िलाफ़ अपना पहला और एकमात्र टी20 मैच खेला। हालांकि उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर लंबा नहीं चला, लेकिन घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में उनका प्रदर्शन शानदार रहा। अपने संन्यास की घोषणा करते हुए ऋषि ने इंस्टाग्राम पर लिखा, भारी मन से लेकिन बिना किसी पछतावे के, मैं भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवर) से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। यह एक ऐसा खेल है जिसने पिछले 20 वर्षों से मेरी ज़िंदगी को परिभाषित किया है। इस खेल ने मुझे अपार खुशी और अनगिनत यादें दी हैं, जो हमेशा मेरे दिल के बहुत क़रीब रहेंगी। मैं इस अवसर पर बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड), हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए), पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा मुझे दिए गए मौक़ों के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं। साधारण शुरुआत से लेकर अपने देश के सबसे बड़े मंचों पर प्रतिनिधित्व करने तक, यह मेरे लिए एक असाधारण सम्मान रहा है। घरेलू क्रिकेट में ऋषि का प्रदर्शन काफ़ी प्रभावशाली रहा। बीते विजय हज़ारे ट्रॉफ़ी में उन्होंने एक अर्धशतक की मदद से 196 रन बनाए और आठ विकेट भी लिए। लिस्ट ए क्रिकेट में ऋषि ने 38.23 की औसत से 2906 रन बनाये और 186 विकेट लिए हैं। वहीं टी20 क्रिकेट में उन्होंने 30 की औसत से 1740 रन और 118 विकेट अपने नाम किए।

## रुपया 85.79 प्रति डॉलर पर स्थिर

मुंबई । रुपया सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.79 पर स्थिर रहा। विदेशी पूंजी की सतत निकासी और अमेरिकी मुद्रा के सकारात्मक रुख के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त से स्थानीय मुद्रा को बल नहीं मिल पाया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशों में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भारतीय मुद्रा को कुछ समर्थन मिला, लेकिन उच्च डॉलर सूचकांक ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.77 प्रति डॉलर पर खुला। फिर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 85.79 पर फिसल गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की गिरावट दर्शाता है।

रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.79 पर बंद हुआ था।

इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 108.74 पर रहा।

## 07 जनवरी 2025 का पंचांग





आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

सूर्योदय- 07.13 प्रात-
सूर्यास्त- 05.52 सायं
सूर्य राशि- धनु
चंद्र उदय- 12.16 दोपहर
चंद्र अस्त- 1.21 रात्रि
चंद्रमा- सायं- 05.50 उपरांत मेष राशि में।

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना पौष-08 पूर्णिमांत महीना पौष-23 शुक्ल पक्ष 08, तिथि-अष्टमी दोपहर- 4.26 तक बाद में नवमी, नक्षत्र-रेवती सायं- 05.50 तक बाद में अश्विनी, योग-शिव रात्रि- 11.16 तक बाद में सिद्ध, करण-बव प्रात- 10.51 तक बालव रात्रि- 10.00 तक बाद में कौलव, राहु काल दोपहर- 03.00 से 04.30 बजे तक,कुलीक काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक, यमगंड प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक अभिजीत मुहूर्त दोपहर- 12.11 से 12.53 तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.11 से 12.54 तक दुमुहूर्त प्रात- 09.21 से 10.04 तक व 11.13 से 12.06 तक अमृत काल दोपहर- 03.32 से 05.03 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.37 से 06.25 तक।

## आज 07 जनवरी का दैनिक राशिफल।

मेष- वायुयान के सफ़र में परेशानी सम्भव है, एमबीए प्रोफेशनल है तो नई जॉब मिल सकती है, घरे बनाने का सामान रखा है तो चोरी होने का डर है ध्यान रखें।
भाग्य प्रतिशत-54

वृषभ- मेडिसीन के क्षेत्र में है तो अच्छी आय करेंगे, किसी विज्ञापन कम्पनी को जॉइन कर सकते है, अमीर व्यक्ति से समबन्ध मजबूत होंगे।
भाग्य प्रतिशत-72

मिथुन- किन्ही बात को लेकर मनन करते रहेंगे, जॉब बदलने का विचार भी बनेगा, वन विभाग में है तो काम अधिक सम्भलकर करें, मौसम विभाग में है तो उन्नति करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-54

कर्क- नए माहौल में खुद को ढालने का प्रयास करेंगे, प्रॉपर्टी का मसला तनाव देगा, कोई धोखा दे सकता है आंख मूंद कर विश्वास ना करें।
भाग्य प्रतिशत-50

सिंह- पत्रकारिता में अच्छी पकड बनेगी, व्यवसाय में संबंधों से लाभ मिलेगा, उच्च पद की सरकारी सेवा में जाने की तैयारी के लिए कोचिंग लेंगे।
भाग्य प्रतिशत-63

कन्या- किसी मार्केट में कोई दुकान पसन्द आ सकती है, लेने का प्रबंध करेंगे, विदेश यात्रा करने से मन प्रसन्न रहेगा, पैसा देते समय ध्यान रखना होगा।
भाग्य प्रतिशत-60

तुला- बेकरी, रेस्टोरेंट, कार शोरूम व्यवसाय में अच्छी प्रगति होगी, अधिक उम्र के व्यक्ति से प्रेम प्रसंग सम्भव है, ठंड के प्रकोप से बचे।
भाग्य प्रतिशत-67

वृश्चिक- मानसिक शांति चाहेंगे, तनाव से परेशान है, घर में बालिका का जन्म सम्भव है, मित्रों की मदद व सोशल नेटवर्किंग साइट से आर्थिक फ़ायदा होगा।
भाग्य प्रतिशत-66

धनु- मेनेजमेंट कालिज में पढ़ाने के लिए प्रयास कर सकते है, ससुराल पक्ष से अनबन सम्भव है, पेट में तकलीफ़ हो तो लीवर की जांच भी कराए।
भाग्य प्रतिशत-53

मकर- करियर में अटकलें बढ़ेगी, जमीन जायदाद को लेकर भी चिंता रहेगी, धन की कमी होने से खर्चे का हिसाब डगमगा सकता है, अधीर हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-50

कुम्भ- सीनियर काम से खुश नहीं होंगे,कोई नया कार्य ढूंढ सकते है, वाहन से लंबी यात्रा करेंगे, किराएदार है, तो घर बदलना पड़ेगा।
भाग्य प्रतिशत-49

मीन- आत्मिक शांति डगमगा सकती है, रिस्क व्यवसाय में पैसा लगा सकते है नुकसान सम्भव है, विदेशी स्त्री से विवाह सम्पन्न हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-53

## ए.आर.रहमान ने दिलाई भारतीय सिनेमा संगीत को अंतराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान

भारतीय सिनेमा संगीत को अंतराष्ट्रीय स्तर पर विशेष पहचान दिलाने वाले ए.आर.रहमान आज 58 वर्ष के हो गये। 06 जनवरी 1967 को तमिलनाडु में जन्में रहमान का रूझान बचपन के दिनों से हीं संगीत की ओर था। उनके पिता आर.के.शेखर मलयालम फिल्मों के लिये संगीत दिया करते थे। रहमान भी अपने पिता की तरह ही संगीतकार बनना चाहते थे। संगीत के प्रति रहमान के बढ़ते रूझान को देख उनके पिता ने उन्हे इस राह पर चलने के लिये प्रेरित किया और उन्हें संगीत की शिक्षा देने लगे। सिंथेसाइजर और हारमोनियम पर संगीत का रियाज करने वाले रहमान की %की बोर्ड% पर उंगलियां ऐसा कमाल करती तो सुनने वाले मुग्ध रह जाते कि इतना छोटा बच्चा इतनी मधुर धुन कैसे बना सकता है। उस समय रहमान की उम्र महज छह वर्ष की थी। एक बार रहमान के घर में उनके पिता के एक मित्र आये और जब उन्होंने रहमान की बनायी धुन सुनी तो सहसा उन्हे विश्वास नही हुआ उनकी परीक्षा लेने के लिये उन्होंने हारमोनियम के ऊपर कपडा रख दिया और रहमान से धुन निकालने के लिये कहा। हारमोनियम पर रखे कपड़े के बावजूद रहमान की उंगलियां बोर्ड पर थिरक उठी और उस धुन को सुन वह चकित रह गये। कुछ दिनो के बाद रहमान ने एक बैंड की नींव रखी जिसका नाम था नेमेसीस एवेन्यू.. वह इस बैंड में सिंथेसाइजर. पियानो. गिटार. हारमोनियम बजाते थे। अपने संगीत के शुरूआती दौर से ही रहमान को सिंथेसाइजर ज्यादा अच्छा लगता था। उनका मानना था कि वह एक ऐसा वाद्य यंत्र है जिसमें संगीत और तकनीक का बेजोड मेल देखने को मिलता है। रहमान अभी संगीत सीख हीं रहे थे तो उनके सर से पिता का साया उठ गया लेकिन रहमान ने हिम्मत नही हारी और संगीत का रियाज सीखना जारी रखा। वर्ष 1989 की बात है रहमान की छोटी बहन काफी बीमार पड गयी और सभी चिकित्सको ने यहां तक कह दिया कि उसके बचने की कोई उम्मीद नहीं है। रहमान ने अपनी छोटी बहन के जीवन की खातिर मंदिर..मस्जिदों में दुआयें मांगी जल्द हीं उनकी दुआ रंग लाई और उनकी बहन चमत्कारिक रूप से एकदम स्वस्थ हो गयी। इस चमत्कार को देख रहमान ने इस्लाम कबूल कर लिया और इसके बाद उनका नाम ए.एस. दिलीप कुमार से अल्लाह रखा रहमान यानी ए.आर.रहमान~ हो गया। इस बीच रहमान ने मास्टर धनराज से संगीत की शिक्षा हासिल की और दक्षिण फिल्मों के प्रसिद्ध संगीतकार इल्लय राजा के समूह के लिये %की बोर्ड% बजाना शुरू कर दिया उस समय रहमान की उम्र महज 11 वर्ष थी। इस दौरान रहमान ने कई बड़े एवं नामी संगीतकारों के साथ काम किया इसके बाद रहमान ने लंदन के ट्रिनिटी कॉलेज ऑफ म्यूजिक में स्कॉलरशिप का मौका मिला जहां से उन्होंने वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक की स्नातक की डिग्री भी हासिल की। स्नातक की डिग्री लेने के बाद रहमान घर आ गये और उन्होंने अपने घर में हीं एक म्यूजिक स्टूडियों खोला और उसका नाम पंचाथम रिकार्ड इन रखा। इस दौरान रहमान ने लगभग एक साल तक फिल्म इंडस्ट्री में अपनी पहचान बनाने के लिये संघर्ष करते रहे और टीवी के लिये छोटे मोटे संगीत देने और रेडियो जिंगल बनाने का काम करते रहे। वर्ष 1992 रहमान के सिने कैरियर का महत्वपूर्ण वर्ष साबित हुआ। अचानक उनकी मुलाकात फिल्म निर्देशक मणि रत्नम से हुयी।

मणि उन दिनो फिल्म रोजा के निर्माण में व्यस्त थे और अपनी फिल्म के लिये संगीतकार की तलाश में थे। उन्होंने रहमान को अपनी फिल्म में संगीत देने की पेशकश की। कश्मीर आतंकवाद के विषय पर आधारित इस फिल्म में रहमान ने अपने सुपरहिट संगीत से श्रोताओं का दिल जीत लिया और इसके साथ हीं वह सर्वश्रेष्ठ संगीतकार के राष्ट्रीय पुरस्कार से भी सम्मानित किये गये। इसके बाद रहमान ने पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा और फिल्मों में अपने एक से बढकर एक एवं बेमिसाल संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद रहमान ने तिरूड़ा तिरूड़ा, बांबे, जैंटलमैन, इंडियन और कादलन आदि फिल्मों में भी सुपरहिट संगीत दिया और संगीत जगत में अपनी अलग पहचान बना ली। रहमान ने कर्नाटक संगीत, शास्त्रीय संगीत और आधुनिक संगीत का मिश्रणकर श्रोताओं को एक अलग संगीत देने का प्रयास किया। अपनी इन्हीं खूबियों के कारण वह श्रोताओं में बहुत लोकप्रिय हो गए। इसके बाद रहमान निर्माता..निर्देशको की पहली पसंद बन गये और वे रहमान को अपनी फिल्म में संगीत देने के लिये पेशकश करने लगे। वर्ष 1997 में भारतीय स्वतंत्रता की 50 वीं वर्षगांठ पर उन्होंने स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर के साथ मिलकर वंदे मातरम यानी मां तुझे सलाम का निर्माण किया। इसके बाद वर्ष 1999 में रहमान ने कॉरियोग्राफर शोभना, प्रभुदेवा और उनके डांसिंग समूह के साथ मिलकर माइकल जैक्सन के माइकल जैक्सन एंड फ्रैंड्स टूर के लिये म्यूनिख, जर्मनी में कार्यक्रम पेश किया। इसके बाद रहमान को म्यूजिक कान्सर्ट में भाग लेने के लिये विदेशो से भी प्रस्ताव आने लगे। उन्होंने पाश्चात्य संगीत के साथ साथ भारतीय शास्त्रीय संगीत के मिश्रण को लोगों के सामने रखना शुरू कर दिया था। ए.आर रहमान को बतौर संगीतकार अब तक दस बार फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। इन सबके साथ ही अपने उत्कृठ संगीत के लिये ए.आर .रहमान को चार बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें पद्मश्री से भी नवाजा जा चुका है। इन सबके साथ ही विश्व संगीत में महत्वपूर्ण योगदान के लिये वर्ष 2006 में उन्हें स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में सम्मानित किया गया।

रहमान के सिने कैरियर में एक नया अध्याय उस समय जुड गया जब ए आर रहमान ने फिल्म स्लमडाग मिलिनेयर के लिए दो आस्कर पुरस्कार जीतकर नया इतिहास रच दिया। रहमान को 8 1वें एकादमी अवार्ड समारोह में इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। रहमान आज भी उसी जोशो खरोश के साथ संगीत जगत को अपने जादुई संगीत से सुशोभित कर रहे है।

## आर्यन खान का फैशन लेबल डीयावोल 12 जनवरी को पेश करेगा नया एक्स-3 कलेक्शन - शाहरुख खान



मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने हाल ही में सोशल मीडिया पर घोषणा की कि उनके बेटे आर्यन खान का फैशन लेबल डीयावोल 12 जनवरी को अपना नया एक्स-3 कलेक्शन लॉन्च करेगा। इस रोमांचक अपडेट को शेयर करते हुए अभिनेता ने अपने एक्स हैंडल पर अपने बेटे के ब्रांड को बढ़ावा देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा, एक नई कृति। एक्स3। 12 जनवरी को आ रही है। आर्यन खान, बंटी सिंह और लेटी ब्लागोएवा द्वारा स्थापित हाई-एंड स्ट्रीटवियर ब्रांड डी%यावोल ने सितंबर 2024 में न्यूयॉर्क फैशन वीक में अपनी वैश्विक शुरुआत की। न्यूयॉर्क के द पियरे होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को ब्रांड के आगामी एक्स-3 कैप्सूल संग्रह की एक झलक देखने को मिली। संग्रह के बारे में बात करते हुए आर्यन खान ने बताया कि यह प्रयोग के सार को दर्शाता है, जबकि सामग्री और सिलाई में उत्कृष्टता के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता के प्रति सच्चा है। दिलचस्प बात यह है कि शाहरुख खान एक गौरवान्वित पिता, डी%यावोल ब्रांड को बढ़ावा देकर आर्यन की उद्यमशीलता की यात्रा में सक्रिय रूप से उनका समर्थन कर रहे हैं। इस बीच, अभिनेता ने हाल ही में अलीबाग में छुट्टियां मनाने के बाद अपने परिवार के साथ मुंबई लौटने के बाद नए साल का जश्न मनाने के लिए एक अज्ञात स्थान पर जाने के बाद सुर्खियां बटोरीं। पेशेवर मोर्चे पर शाहरुख खान को हाल ही में राजकुमार हिरानी की डंकी में देखा गया था, जो एक कॉमेडी-ड्रामा है जो विवादास्पद अवैध आव्रजन पद्धति गधा उड़ान से प्रेरित है। फिल्म में तापसी पन्नू, बोमन ईरानी और विक्की कौशल भी हैं। अभिनेता अगली बार अपनी बेटी सुहाना खान के साथ किंग में नजर आएंगे। बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर का निर्देशन सुजॉय घोष करेंगे। किंग सुहाना खान की नाट्य शुरुआत होगी, जोया अख्तर की आने वाली उम्र की पीरियड ड्रामा द आर्चीज में उनकी भूमिका के बाद होगी, जिसका प्रीमियर 2023 में नेटफ्लिक्स पर हुआ था। इसके अलावा, इस प्रोजेक्ट में अभिषेक बच्चन, शाहरुख खान और सुजॉय घोष फिर से साथ आ रहे हैं, जिन्होंने पहले 2021 की थ्रिलर बॉब बिस्वास में साथ काम किया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# भारतीय किसान यूनियन विशाल संगठन का हुआ गठन सैकड़ों लोगों को दी गई जिम्मेदारी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । भारतीय किसान यूनियन विशाल संगठन का हुआ गठन सैकड़ों लोगों को दी गई जिम्मेदारी भारतीय किसान यूनियन विशाल के कार्यालय का किया शिवसिंह व रामवीर सिंह जी किसानों द्वारा पिता काट कर किया गया उद्घाटन ये संगठन कोई राजनीतियो के नहीं है ये संगठन गरीब मजदूर किसानों के लिए गठित किया गया है और गरीब मजदूर किसानों की हमेशा लड़ता रहेगा संस्थाक व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विशाल यादव ने बताया कि की गरीब मजदूर किसानों को दिल्ली तक बुलंद करेंगे इस बीच वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उमेश कुमार जी ने बताया है कि ये हमारा संगठन नहीं सभी गरीब मजदूर किसानों का है हमेशा संगठन किसानों की मांगों की लड़ाई लड़ेगा इस बीच मौजूद रहे सहदेव कुमार सुभाष कुमार देव राजपूत इंद्रेश यादव सुभाष कुमार सतीश कुमार नरेन्द्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे

# गुरु द्वारा होता है बच्चे का सर्वांगीण विकास -पीयूष जैन



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। पहासू प्राथमिक विद्यालय दीघी नंबर 2 के विद्यालय प्रभारी अनुज गर्ग के मित्र पीयूष जैन (अमेरिका में अपनी सॉफ्टवेयर की कंपनी चलाते हैं) जिन्होंने प्राथमिक विद्यालय दीघी नं 2 को गर्म ट्रैक सूट प्रदान किये।उनका यह कार्य बड़ा ही प्रशंसनीय है। क्योंकि एक व्यक्ति जो की अमेरिका में रह रहे हैं। और अपने देश के प्रति अभी भी बहुत लगाव रखते है।तीन साल पहले एक बार अनुज गर्ग ने अपने मित्र पीयूष जैन से अपनी इसी तरह की बात रखी जिसको उन्होंने बड़ी सहजता से मान लिया और तभी से यह दान देने का सिलसिला जारी है। उनका यह कार्य शिक्षा के मंदिर में दान देना उन गरीब बच्चों को आगे बढ़ाना है जो देश के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी अनुज गर्ग तथा समाजसेवी पीयूष जैन एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ और छात्र-छात्रा तथा गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# सनातन हिंदू वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा बुलंदशहर जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। सनातन हिंदू वाहिनी उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में बुलंदशहर जिले में संगठन विस्तार कार्यक्रम रखा गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष संजय नाथ जी द्वारा देवेंद्र वत्स को प्रदेश महामंत्री मीडिया प्रकोष्ठ , अनिल रावत को जिला अध्यक्ष आगरा व जिला अध्यक्ष बुलंदशहर हिमांशु कुमार को नियुक्ति पत्र देकर बुलंदशहर जिले का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। भारी संख्या में प्रदेश अध्यक्ष जी के साथ प्रदेश अध्यक्ष आचार्य प्रकोष्ठ के श्री श्री 1008 प्रवीण देव महाराज जी व सनातन हिंदू वाहिनी के पदाधिकारी गण और कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रदेश उपाध्यक्ष दीप गौतम जी, प्रदेश सचिव गौतम चौधरी, मंडल अध्यक्ष राज वर्मा, प्रदेश सदस्य जितेंद्र कुमार उज्जवल जी , विवेक सागवान व जिला गाजियाबाद से जिला उपाध्यक्ष नरेश ठेकेदार व गाजियाबाद के जिला मंत्री आजाद कश्यप के साथ अन्य कार्य करता उपस्थित रहे।

# हर्ष फायरिंग में एक युवक के घायल हो जाने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। औरंगाबाद शादी समारोह के दौरान हर्ष फायरिंग में एक युवक के घायल हो जाने का मामला आखिर पुलिस ने दर्ज कर ही लिया। वैंकट मालिक की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को हर्ष फायरिंग की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पवसरा रोड स्थित सैनी फार्म हाउस के मालिक रंजीत सिंह पुत्र विजय सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को वलीमा प्रोग्राम के दौरान हर्ष फायरिंग का मामला दर्ज कर लिया। थाने पर दी तहरीर में कहा गया है कि उसका वैंकट हाल आबिद अब्बास पुत्र हसन अब्बास ने अपने पुत्र कोसेन के वलीमा प्रोग्राम के लिए बुक किया था। रविवार दोपहर लगभग दो बजे फायरिंग की आवाज आई देखा तो कावेश पुत्र शमीम निवासी मौहल्ला अजीजाबाद अपने अवैध तमंचे से चलाई गई गोली से घायल हो कर पड़ा हुआ था जिसे उसके परिचित इलाज के लिए ले गए। फार्म हाउस मालिक ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को सौंप दी। जिसमें घटना दर्ज बताई गई है। मामला दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। कोई गिरफ्तारी अभी नहीं हुई है। घायल युवक का इलाज हो रहा बताया जाता है।

# भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की पंचायत की समीक्षा बैठक की गई



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। जनपद बुलंदशहर में समय सुबह 11.30 बजे होने वाली भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की पंचायत की समीक्षा बैठक की गई इसमें जिला अध्यक्ष विष्णु चौधरी जिला अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ सुदेश प्रधान युवा जिला अध्यक्ष रोहित चौधरी एनसीआर अध्यक्ष कुलदीप गुड्डू जिला प्रभारी निरंजन सिंह फोगाट प्रदेश सचिव रशीद ठाकुर तहसील अध्यक्ष खुर्जा प्रदीप चौधरी जिला संगठन मंत्री वकील साहब जिला उपाध्यक्ष डॉ नईम सोनू रिंकू महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र चाहर व अन्य कार्यकर्ता पदाधिकारी गण उपस्थित रहे जिसमें कल होने वाली पंचायत की तैयारी की गई कल पंचायत में मीडिया के सामने थाना सलेमपुर प्रभारी अतुल कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप को उच्च अधिकारियों के बीच बताया जाएगा जिसमें पर्याप्त सबूत दिए जाएंगे तत्काल कार्रवाई नहीं होने पर धरना अनिश्चित कालीन कर दिया जाएगा माननीय मुख्यमंत्री जी की जीरो टॉलरेंस की नीति को पूर्ण रूप से थाना सलेमपुर प्रभारी चैलेंज करने का कार्य कर रहे हैं भ्रष्टाचार चरम पर है जो बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा थाना प्रभारी सलेमपुर जनपद बुलंदशहर में तैनात उच्च अधिकारियों की छवि को धूमिल करने का कार्य कर रहे हैं जिस भी पदाधिकारी की जो जिम्मेदारी है समय पर अपनी टीम के साथ उपस्थित हो व टेंट रजाई गद्दे चाय पानी की समय से ही व्यवस्था की जाए मातृशक्ति भी एवम् हमारे किन्नर समाज के पदाधिकारी कार्यकर्ता भी बड़ी मात्रा में पंचायत में शामिल होंगे

# किसानों, मजदूरों और आम आदमी के हक के लिए संगठन को हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। गुलावठी,, प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी ने बढ़ाई जिम्मेदारी भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया के प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी ने ग्राम खैरपुर खैराबाद में संगठन का विस्तार करते हुए किसानों, मजदूरों और आम आदमी के हक के लिए संगठन को हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया। इस आयोजन में रवि को जिला महासचिव,, नवल किशोर को जिला प्रभारी को नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी,, जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र लाठर,, हापुड़ जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि किसान संगठन मजदूरों और आम लोगों की लड़ाई लड़ने के लिए सदा तैयार है। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन की नीतियों को दूर-दूर तक फैलाने का आह्वान किया। संगठन को ऊंचाइयों पर पहुंचाने की जिम्मेदारी संजय सोलंकी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों से उम्मीद जताई कि वे भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे और संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद करेंगे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया और भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया के परिवार के बढ़ते कदमों का स्वागत किया प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी ने स्पष्ट किया कि भारतीय किसान मजदूर यूनियन सिंघानिया का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है और किसी भी गरीब, शोषित और बंचित किसान या मजदूर का शोषण सहन नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सोलंकी,, हापुड़ जिला अध्यक्ष योगेश शर्मा,, बुलंदशहर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र लाठर,, मंडल उपाध्यक्ष कनक सिंह,, जिला प्रभारी सचिन तेवतिया,, जिला कोषाध्यक्ष संजू तेवतिया,, युवा जिला अध्यक्ष विजय तेवतिया,, मनोज तेवतिया,, योगेंद्र कुमार,, राजू राना,, दुष्यन्त राना आदि लोग मौजूद रहे

# लुटेरों से मुठभेड़ में तीन लुटेरे गिरफ्तार, एक के पैर में लगी गोली



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अरनिया थाना पुलिस ने विगत रात्रि मुठभेड़ के बाद तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने 10,200 रुपये, एक बाइक, एक तमंचा व चाकू बरामद किया है। छह दिन पहले आरोपी थाना क्षेत्र में एक किसान से मारपीट कर 27 हजार रुपये लूट कर भाग गए थे।सीओ0खुर्जा विकास प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि रविवार रात को अरनिया थाना पुलिस गांव जावल बंबा चौराहे पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक बाइक पर तीन संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए, जिनको पुलिसकर्मियों ने रोकने का प्रयास किया। आरोपी रुके नहीं और बाइक को तेजी से मोड़ते हुए गांव डांबर की तरफ भागने लगे। इसी दौरान नलकूप के पास कच्चे रास्ते पर उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घिरता हुआ देखकर बदमाशों ने पुलिस टीम की ओर फायरिंग की। बचाव में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई। अन्य दो बदमाशों को पुलिस ने वहीं पर दबोच लिया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान संदीप निवासी जामुनका गांव थाना चंडौस जनपद अलीगढ़, अजय कुमार निवासी सूरजपुर गांव थाना चंडौस जनपद अलीगढ़ और विशेष निवासी जाटव मोहल्ला चंडोस जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई। सीओ0ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने 30 दिसंबर को अरनिया थाना क्षेत्र में एक किसान से 27,482 रुपये लूटने की घटना कारित की थी। जिनको मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है।

# जिलाधिकारी ने रैन बसेरों एवं जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। बुलंदशहर सोमवार की देर शाम जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने सर्दी से बचाव के लिए रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए औचक रूप से काला आम चौराहे पर बनाए गए रैन बसेरे एवं भूतेश्वर मंदिर के समीप बनाए गए 100 व्यक्तियों के लिए निर्मित आश्रय गृह (शेल्टर होम) का निरीक्षण किया। आश्रय गृह में रुके लोगों से वार्ता करते हुए उनके ठहरे का कारण एवं उनके गंतव्य के बारे में जानकारी ली गई। साथ ही रैन बसेरे में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। रैन बसेरों में की गई व्यवस्थाओं के बारे में सभी लोगों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। सर्दी से बचाव के लिए हीटर भी लगाया गया है। रैन बसेरे में नियमित साफ सफाई के निर्देश भी दिए। ईओ को निर्देशित किया गया कि आश्रय गृह के बारे में नगर के प्रमुख स्थलों पर प्रचार प्रसार भी कराया जाए जिससे लोगों को जानकारी होने पर वह रात्रि में आकर ठहर सके। नगर में मुख्य स्थलों पर अलाव जलाए जाने का भी निरीक्षण करते हुए सत्यापन किया। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा जिला अस्पताल का भी औचक निरीक्षण करते हुए अस्पताल में रात्रि में अलाव जलाए जाने एवं अस्पताल में बने रैन बसेरे को भी देखा। मौके पर रैन बसेरे पर ताला लगा मिला तथा अस्पताल में अलाव जाने की भी कोई व्यवस्था नहीं कराई गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया गया कि सर्दी के मौसम में बाहर से आने वाले तीमारदारों के ठहरने के लिए रैन बसेरे में तत्काल व्यवस्था कराई जाए। शासन के निर्देश हैं कि कोई भी व्यक्ति खुले में नहीं सोने पाए इसके बावजूद भी अस्पताल में बनाया गया रैन बसेरा बंद होने पर नाराजगी जाहिर करते हुए संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही करने एवं सर्दी से बचाव के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। ईओ नगर पालिका को भी निर्देश दिए कि तत्काल अलाव जलाने की व्यवस्था भी कराई जाए। इस अवसर पर तहसीलदार सदर मनोज कुमार उपस्थित रहे।

# थाना चोला परिसर में की गयी अपराध गोष्ठी तथा थाना चोला का किया गया वार्षिक निरीक्षण



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलन्दशहर श्री श्लोक कुमार द्वारा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री रोहित मिश्र, सहायक पुलिस अधीक्षक श्री ऋजुल एवं समस्त क्षेत्राधिकारियों/थाना प्रभारियों के साथ थाना चोला परिसर में अपराध-नियंत्रण, कानून-व्यवस्था, महिला उत्पीड़न, अनुसूचित जाति/जनजाति उत्पीड़न, अनावरण को शेष डकैती/लूट/हत्या के पंजीकृत अभियोगों के सम्बन्ध में अपराध गोष्ठी आयोजित की गयी। अपराध गोष्ठी में उपस्थित सभी अधिकारियों को उच्चाधिकारियों के आदेशों/निर्देशों से अवगत कराते हुए शत-प्रतिशत अनुपालन कराने, अपराधों पर प्रभावी अकुंश लगाने व जनता की समस्याओं का शीघ्रतम विधिक निस्तारण करने, हिस्ट्रीशीटरों व टॉप-10/जिलाबदर अपराधियों पर सतर्क निगरानी रखने एवं वांछित/ईनामी वारंटियो की अधिक से अधिक गिरफ्तारी करने तथा जनपद में पुलिस की छवि एवं व्यवहार कुशल बनाए रखने आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर शत-प्रतिशत कार्यवाही करने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गये। साथ ही आईजीआरएस प्रणाली के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण तथा थाना कार्यालय एवं पेशी कार्यालय के अभिलेखों की स्थिति अद्यतन रखने, महिला अपराध संबंधी अभियोजन प्रक्रिया में व्यक्तिगत रुचि लेकर दोषियों को सजा दिलवाए जाने संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त सभी क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब/मादक पदार्थ बिक्री की रोकथाम के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके उपरान्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना चोला का वार्षिक निरीक्षण किया गया जिसके अन्तर्गत थाना कार्यालय के अभिलेख, शस्त्रागार, त्यौहार रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, बीट बुक, ग्राम अपराध रजिस्टर आदि का अवलोकन कर कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, मालखाना आदि की साफ-सफाई आदि को चैक किया गया। थाना प्रभारी को अभिलेख पूर्ण कराने, मालो के निस्तारण करने व थाना परिसर को स्वच्छ रखने एवं प्रतिदिन अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने, महिला सम्बन्धी अपराधों पर रोकथाम और यातायात नियमों का विशेष रूप से पालन कराने आदि आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही थाना चोला पर नियुक्त चौकीदारो को कंबल वितरित किये गये ।

# नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य में गंगा जमुनी कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन हुआ



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। जतन स्वरूप (पी जी) कॉलेज, सिकंदराबाद (बुलंदशहर) के सौजन्य से नववर्ष 2025 के उपलक्ष्य में गंगा जमुनी कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन राजमहल बैंक्वेट हॉल में हुआ द्य जिसमें दीप प्रज्वलन एस डी एम मुकेश कुमार, कॉलेज संरक्षक नितिन भटनागर , प्राचार्या स्वप्ना उप्रेति के द्वारा किया गया द्य शारदे वंदना के उपरांत नाके पात का भी पाठ हुआ द्य तदोपरांत एस डी एम संतोष कुमार और नितिन भटनागर जी ने सभी कवियों और शायरों का स्वागत मोमेंटो और शॉल से किया द्य मुशायरे और कवि सम्मेलन का आगाज़ कॉलेज के बच्चों की शायरी और कविता पाठ से हुआ द्य कार्यक्रम में बुलंदशहर से एन मीम कौसर, संगीता अहलावत, आलोक बेजान , निजामी राही,दिल्ली से आए अब्बास नौगावीं, गाजियाबाद से आए अनिमेष शर्मा जी, अलीगढ़ से आए जॉनी फास्टर आदि कवियों, शायरों ने सभी का दिल जीत लिया द्य संगीता अहलावत की रचना चलो नव वर्ष मनाते हैं मोहक भावों से धरा अपनी सजाते हैं ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया द्य जनाब मकसूद जाली ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहा संगठन सृजन अभियान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहा संगठन सृजन अभियान में जिला कांग्रेस कार्यालय पर कल शाम चले कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव श्री प्रदीप नरवाल उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष रिजवान कुरैशी तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सचिव पंकज तंजानिया मुख्य अतिथि के रूप में शामिल रहे इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव श्री प्रदीप नरवाल जी ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और जननायक श्री राहुल गांधी जी व आदरणीय श्रीमती प्रियंका गांधी वार्ता जी के नेतृत्व में पार्टी को ज़मीनी स्तर पर मजबूत बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा हमारा संघर्ष, समाज के हर वर्ग को न्याय और समानता दिलाने के लिए है। अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैयद मुनीर अकबर,अम्बरीश वर्मा,सुभाष शर्मा,शाहिद नकवी,साजिद चौधरी,डॉक्टर इरफान जियाउद्दीन आदि ने आवेदन दिये वहीं शहर अध्यक्ष के लिए पौरूष शर्मा, कैफ़ी फसल, मनीष चतुर्वेदी, प्रशांत बाल्मीकि ने आवेदन किए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष गांधी, राष्ट्रीय सफाई आयोग के पूर्व राष्ट्रीय चेयरमैन हर्षवर्धन बाल्मीकि,असलम कुरैशी एडवोकेट, विरेन्द्र शर्मा एडवोकेट, नवीन मित्तल,मनोज शर्मा एडवोकेट,रहमत अली, हाफिज दीशान,किशन चौधरी,देव रंजन नागर,आदेश देव शर्मा,इरफान अली प्रधान,इजरायल गहलोत, शिव कुमार शर्मा लालनेर, दिनेश पंडित,दुष्यन्त गुप्ता, मुकेश रज़्ज़ाक, अमित जाटव, छोटे खां,विमलेश बाल्मीकि, बसंत पंडित सैकड़ों समर्थकों ने जिला अध्यक्ष के लिए सैयद मुनीर अकबर एवं शहर अध्यक्ष के लिए पौरूष शर्मा के लिए कहा।

# पति ने प्रेमिका और दोस्त के साथ पत्नी को नहर पर ले जाकर दिया धक्का हुई मौत





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। ककोड़ क्षेत्र में पति ने प्रेमिका और दोस्त के साथ मिलकर पत्नी को नहर पर ले जाकर धक्का देने का मामला। घटना के सात दिन बाद रविवार को बरामद हो सका विवाहिता हिमांशी का शव, पुलिस, गोताखोर, पीएसी प्लाटून और एनडीआरफ की टीम 30 दिसंबर से कर रही थी हिमांशी की खोज प्रेम सम्बन्धों पर बाधा बनने पर विशाल ने अपनी पत्नी को दिया था नहर में धक्का पत्नी को रास्ते से हटाकर गांव की प्रेमिका से विवाह करना चाहता था विशाल। पुलिस मामले में पति विशाल उसके एक दोस्त और प्रेमिका को शनिवार को भेज चुकी है जेल 29 दिसम्बर को पत्नी को दिया था पति ने प्रेमिका और अपने दोस्त के साथ मिलकर ककोड़ क्षेत्र की सुनपेड़ा गांव के पास नहर में धक्का । परिजनों के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष पहुंचे परिजनों के साथ थाने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। परिजनों द्वारा बताया गया है कि महिला 6 महीने की गर्भवती भी थी। वहीं पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नशे में धुत व्यक्ति मेट्रो पिलर से टकाराया, अस्पताल में मौत

नोएडा । नोएडा में मेट्रो के पिलर से टकरा कर घायल हुए व्यक्ति की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना रविवार रात सेक्टर-63 पुलिस थाना क्षेत्र में छिजारसी कॉलोनी के पास की है जब नशे की हालत में एक व्यक्ति मेट्रो के पिलर से कथित तौर पर टकरा गया था। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि इस घटना में उसके नाक और मुंह पर गंभीर चोटें आईं और मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे नोएडा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है और शव को मुर्दाघर में रखवा दिया गया है।

## पड़ोसियों ने मां-बेटे पर बेल्ट से वार किए

नोएडा । सेक्टर-121 क्षेत्र स्थित बलवंत नगर में रविवार दोपहर पड़ोसियों में विवाद हो गया। आरोपी पड़ोसियों ने महिला और उसके पुत्र को बेल्ट से पीटा। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज कर दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की धाराओं में कार्रवाई की। पीड़िता सीमा देवी ने पुलिस को बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती हैं। आरोप है कि उनके पड़ोसी मनोज, पवन और उनके परिवार के लोग उनसे रंजिश मानते हैं। आए दिन गाली-गलौज करते हैं। कुछ दिन पहले मोहल्ले में ढोल बजाने वाले आए थे। पवन ने उनसे ढोल वालों को रुपये देने के लिए कहा। सीमा देवी ने रुपये देने से इनकार कर दिया। इस पर पवन नाराज हो गया और महिला से ही ढोल बजाने के लिए कहने लगा। इस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। मोहल्ले के लोग एकत्र हो गए। बीते शनिवार को आरोपियों ने गाली-गलौज और मारपीट। उस समय पुलिस में शिकायत नहीं की। आरोप है कि रविवार दोपहर करीब तीन बजे मनोज और पवन ने एक बार फिर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपियों ने बेल्ट से मारपीट की। बचाने आए महिला के पुत्र आकाश के साथ भी मारपीट की। पीड़िता का कहना है कि पिटाई से वह बेहोश हो गईं और पुत्र को गंभीर चोट आई। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि शिकायत पर एनसीआर दर्ज कर ली है। दो आरोपियों का शांतिभंग की धारा में चालान किया गया है।

## नक्शा स्वीकृत न कराने वाले आवंटियों को नोटिस जारी

ग्रेटर नोएडा । यमुना प्राधिकरण ने ऐसे 600 से अधिक आवंटियों की सूची सार्वजनिक की है, जो औद्योगिक भूखंडों की लीजडीड करा चुके हैं, लेकिन कई माह बाद तक भी इन्होंने नक्शा स्वीकृत नहीं कराया और न ही मौके पर किसी प्रकार का निर्माण शुरू किया। इन आवंटियों को नक्शा स्वीकृत कराकर निर्माण शुरू करने के लिए नोटिस जारी किए गए हैं। यमुना विकास प्राधिकरण ने औद्योगिक सेक्टर-28, 29, 32 व 33 के 605 आवंटियों की सूची सार्वजनिक की है। इन आवंटियों को जल्द से जल्द नक्शा स्वीकृत कराते हुए निर्माण शुरू करने को नोटिस जारी किया गया है। प्राधिकरण के मुताबिक औद्योगिक सेक्टर में अब तक 3041 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। वर्तमान में करीब 10 से अधिक कंपनी भी संचालित हैं, जबकि कुछ का निर्माण कार्य भी चल रहा है। प्राधिकरण का मानना है कि अप्रैल में एयरपोर्ट से विमान सेवा शुरू होने के बाद शहर में औद्योगिक गतिविधियां तेज होगी, ऐसे में कंपनियों को फैक्टरियां स्थापित करने के लिए नक्शा स्वीकृत कराकर निर्माण शुरू कराने पर बल दिया जा रहा है। इन सेक्टरों में प्राधिकरण ने बड़ी कंपनियों को भूखंडों का आवंटन किया हुआ है। कंपनियां शुरू होने से शहर में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और बसावट में भी वृद्धि होगी। ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि कई उद्यमी नक्शा स्वीकृत कराकर निर्माण करा रहे हैं, शेष को नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही नक्शा स्वीकृत न कराने वालों पर कार्रवाई भी होगी।

## भंगेल सीएचसी में छुट्टी के दिन ओपीडी चली

नोएडा । छुट्टी के बावजूद भंगेल सामुदायिक केंद्र (सीएचसी) में सोमवार को ओपीडी चली और मरीजों को परामर्श दिया गया। मरीजों को गुरु गोबिंद सिंह जयंती की छुट्टी के बारे में जानकारी नहीं थी। लिहाजा, इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए थे। ऐसे में आपातकालीन सहित अन्य डॉक्टरों को बुलाकर मरीजों को देखा गया। भंगेल सीएचसी में 512 मरीजों को परामर्श दिया गया। तीन प्रसव भी कराए गए। आमतौर पर यहां प्रतिदिन 800 से अधिक मरीज इलाज के लिए आते हैं। सुबह आठ बजे से ही मरीज स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचने शुरू हो गए। यह संख्या दस बजे तक 300 से अधिक हो गई। लिहाजा, स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. यतेंद्र कुमार ने अन्य डॉक्टरों को बुलाकर ओपीडी शुरू कर दी। दोपहर एक बजे तक मरीजों को परामर्श दिया गया। साथ ही जिन मरीजों को जांच लिखी गई थी, उनके नमूने भी लिए गए। ज्यादातर मरीज बुखार, गले में संक्रमण, सर्दी-जुकाम के थे। वहीं, कई मरीज फॉलोअप के लिए आए थे। जिला अस्पताल में छुट्टी के दिन 11 बजे तक ओपीडी होती है। वहीं सामुदायिक केंद्रों में आपातकालीन विभाग में मरीज देखे जाते हैं। सीएचसी के प्रभारी डॉ. यतेंद्र कुमार ने बताया कि आपातकालीन विभाग के काम के लिए मैं स्वास्थ्य केंद्र में था। वहां मरीजों की संख्या बढ़ते देखकर पूरी तरह से ओपीडी चलाने का निर्णय लिया गया। सभी मरीजों को देखने के बाद ही ओपीडी बंद की गई। मरीजों की संख्या कम होने की स्थिति में आपातकालीन विभाग के डॉक्टर देख लेते, लेकिन मरीजों की संख्या काफी अधिक थी।

## मां ने मोबाइल पर गेम खेलने से रोका तो किशोर ने जान दी

नोएडा । मामूरा गांव निवासी महिला ने अपने बेटे को मोबाइल फोन पर गेम खेलने से रोका तो किशोर ने रविवार रात पंखे के कुंदे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची फेज-3 पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामूरा में रहने वाले एक व्यक्ति पत्नी और बच्चों के साथ किराये के घर में रहते हैं। वह मेहनत-मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करते हैं। रविवार रात उनका 17 वर्षीय पुत्र मोबाइल फोन पर गेम खेल रहा था। उसकी मां ने मोबाइल फोन छोड़कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए कहा। मां की मोबाइल फोन चलाने से मना करने वाली बात पुत्र को इस कदर नागवार गुजरी कि उसने कमरे में जाकर पंखे के सहारे फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। परिजन कमरे में पहुंचे तो किशोर का शव पंखे से लटका देखकर उनकी चीख निकल गई। उन्होंने फौरन ही किशोर को फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर थाना फेज-तीन पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को परिजनों ने बताया कि उसकी मां ने उसे अत्यधिक मोबाइल फोन चलाने से मना किया था। इससे खफा होकर किशोर ने यह कदम उठाया। थाना प्रभारी निरीक्षक का कहना है कि छात्र के आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

## कैफे में भोजन करने गए युवक और उसके दोस्तों को पीटा

नोएडा । कैफे में भोजन करने गए युवक और उसके दोस्तों को दबंगों ने मामूली बात पर लोहे की रॉड से पीटकर लहूलुहान कर दिया। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद एक घायल ने मामले की शिकायत एक्सप्रेसवे थाने की पुलिस से की। पुलिस ने एक नामजद समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के फरीदाबाद निवासी जतिन थरेजा ने पुलिस को बताया कि वह बीते साल 25 अक्तूबर को अपने दोस्त सूरज और पीयूष के साथ गोल्डन पॉम सोसाइटी के अंदर कैफे में भोजन कर रहे थे। इसी दौरान शराब के नशे में विराज भाटी अपने अन्य दोस्तों के साथ आ गया। विराज ने जतिन से टेबल पर खाना लगाने के लिए कहा। जतिन ने कहा कि वह वेटर और नौकर नहीं है। अगर खाना खाना है तो इसके लिए वेटर से संपर्क करना उचित रहेगा। इतनी सी बात पर विराज और उसके साथियों ने गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। विरोध करने पर उसने साथियों के साथ मिलकर जतिन, सूरज और पीयूष की पिटाई शुरू कर दी। कैफे में बैठे अन्य लोगों के मना करने पर भी आरोपी नहीं माने। इसी दौरान विराज अपनी कार के पास गया और वहां से लोहे की रॉड लाकर जतिन का सिर फोड़ दिया। लोहे की रॉड से पैर पर वार करने से जतिन के पैर की हड्डी भी टूट गई। शोर सुनकर जब कैफे पर अन्य लोग पहुंचने लगे तो विराज और उसके साथी धमकी देकर अपनी कार से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल जतिन का लंबे समय से एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। वहां से ठीक होने के बाद उसने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है ताकि विराज के साथ मौजूद अन्य आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। पीड़ित और आरोपी दोनों अपना कारोबार अलग-अलग जगहों पर करते हैं।

# बिना पार्टी के इशारे के अभद्र टिप्पणी नहीं कर सकते रमेश बिधूड़ी - मनीष सिसोदिया



नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के प्रियंका गांधी को लेकर दिए गए बयान पर घमासान लगातार जारी है और अब इस पर विपक्षी पार्टियों लगातार भाजपा पार्टी और रमेश बिधूड़ी को घेर रही हैं। रमेश बिधूड़ी के बयान पर आप आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का यही चरित्र है। रमेश बिधूड़ी जो बोलते हैं वह अपने नेताओं से विमर्श किए बिना बोलते होंगे या अपनी पार्टी के सीनियर लीडर्स के बिना इशारे पर बोलते होंगे ऐसा तो हो ही नहीं सकता है। ये भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है कि महिलाओं के ऊपर अभद्र टिप्पणी करो। उन्होंने कहा है कि भाजपा के लोग महिला मुख्यमंत्री के ऊपर टिप्पणी करते हैं, उनके व्यक्तित्व पर टिप्पणी करते हैं और फिर उनका ऐसे सार्वजनिक मंच से मजाक उड़ाते हैं। मनीष सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि कल जिस मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की जनता से अपील कर रहे थे कि उनकी सरकार बनवा दो, उसी मंच से रमेश बिधूड़ी महिलाओं को गालियां दे रहे थे। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर घोषणा होने वाली है। आम आदमी पार्टी की पूरी टीम और एक-एक कार्यकर्ता इंतजार कर रहा है कि चुनाव आएं और जनता के बीच जाकर अपने काम बताएं। जो केजरीवाल ने गारंटी दी है उसको हम बताएंगे और इसी मुद्दे को लेकर चुनाव लड़ेंगे। अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास शीश महल को लेकर कैग की जो रिपोर्ट सामने आई है उस पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री के आवास पर, साढ़े आठ सौ करोड़ के हवाई जहाज पर और 10 लाख के सूट पर कोई रिपोर्ट है क्या।

## स्वाति मालीवाल का कैग रिपोर्ट को लेकर केजरीवाल सरकार पर हमला, बोली- जनता का क्या है, नर्क में जीती है तो जिए

स्वाति मालीवाल का कैग रिपोर्ट को लेकर केजरीवाल सरकार पर हमला, बोली- जनता का क्या है, नर्क में जीती है तो जिए नई दिल्ली । दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष और आप नेता स्वाति मालीवाल ने दिल्ली सरकार पर कैग रिपोर्ट यानी भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक को लेकर निशाना साधा है। उन्होंने शाही खर्चों और ऐशो-आराम को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार की आलोचना की। स्वाति ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए सरकारी खर्चों को जनता के प्रति अन्याय करार दिया। स्वाति मालीवाल ने अपने सोशल मीडिया ऐप एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि जिसकी चमक में अपना चेहरा दिखे वैसा करोड़ों का मार्बल, 96 लाख के पर्दे, 16.27 लाख का सिल्क का कालीन, 20 लाख का टीवी, 5 लाख का मिनी बार, 40 लाख का किचन का सामान और 2.5 लाख का शीशा। बाकी ऐश-आराम के लिए जैकूज़ी, स्पा, सोना वगैरह तो हैं ही। जनता का क्या है, नर्क में जीती है तो जिए। इसके साथ ही उन्होंने साहिर लुधियानवी की पंक्तियां भी साझा कीं- फ़क़ीर ए शहर के तन पर लिबास बाक़ी है। अमीर ए शहर के अरमां अभी कहाँ निकले। पहले भी साध चुकी हैं निशाना स्वाति मालीवाल ने इससे पहले दिल्ली की स्वास्थ्य सेवाओं, गंदे पानी और जीवों पंत अस्पताल की स्थिति को लेकर दिल्ली सरकार पर सवाल उठाए थे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए दिल्ली की अव्यवस्थाओं को उजागर किया था। दिल्ली सरकार की अलग-अलग परियोजनाओं और संसाधनों पर किए गए खर्च पर विपक्ष और खुद पार्टी के नेताओं की आलोचनाएं बढ़ रही हैं। स्वाति मालीवाल के इस बयान के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज होती दिखाई दे रही है। जनता की नाराजगी और विपक्ष का हमला स्वाति के इस पोस्ट के बाद कई विपक्षी नेताओं ने दिल्ली सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। सोशल मीडिया पर जनता ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। कुछ ने इसे सच्चाई बताई तो कुछ ने इसे सियासी बयान करार दिया। साथ ही स्वाति मालीवाल के इन बयानों से पार्टी के भीतर और बाहर चर्चा तेज हो गई है। अब देखना होगा कि सरकार इस पर क्या जवाब देती है। सीएजी रिपोर्ट का खुलासा सीएजी की रिपोर्ट में दावा किया गया है कि केजरीवाल के आवास पर करोड़ों रुपये खर्च हुए हैं। यह खर्च भवन निर्माण, सजावट, फर्नीचर, और अन्य सुविधाओं पर किया गया। रिपोर्ट के लीक होने के बाद से विपक्ष ने इसे मुद्दा बना लिया है और सरकार पर फिजूलखर्ची का आरोप लगाया है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सरकारी आवास पर 33 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च किया गया है।

## केजरीवाल के काले कारनामों को उजागर करती है कैग रिपोर्ट - वीरेंद्र सचदेवा




नई दिल्ली । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के अपने आधिकारिक आवास शीशमहल पर फिजूलखर्ची का आरोप लगाया। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए सचदेवा ने आरोप लगाया कि 2022 तक नवीनीकरण पर 33.66 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है, लेकिन आज तक कुल व्यय के बारे में कोई जानकारी नहीं है। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पत्रकार वार्ता में केजरीवाल पर आरोप लगाया कि उन्होंने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के साथ मिलीभगत करके बंगले के नवीनीकरण के लिए संदिग्ध तरीके से काम किए। उन्होंने कहा कि 2022 तक सीएजी की रिपोर्ट कहती है कि 33.71 करोड़ रुपये खर्च किए गए। सचदेवा ने कहा, 2020 में कोविड महामारी के दौरान, जब लोग बंद थे, और लोग थे ऑक्सीजन के लिए संघर्ष कर रहे, उस दौरान अरविंद केजरीवाल %शीशमहल% का एस्टीमेट बना रहे थे। वर्ष 2023-24 की इन्वेंटरी के मुताबिक उनके सरकारी आवास में जो करोड़ों का सामान मिला, वो पीडब्ल्यूडी ने नहीं दिया। निर्माण के अलावा सौंदर्यीकरण के लिए 75-80 करोड़ रुपये खर्च किए गए। जो सामान पीडब्ल्यूडी ने नहीं लगाया है, वह सामान कहां से आया, यह किसका पैसा है? इसका जवाब अरविंद केजरीवाल को देना होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कैग ने इस परियोजना के बारे में 139 प्रश्न उठाए हैं, जिनमें दिल्ली शहरी कला आयोग (डीयूएसी) और दिल्ली नगर निगम से अनुमति न लेना भी शामिल है। भाजपा नेता ने केजरीवाल के खर्चों को भ्रष्टाचार और पाखंड का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा, पीडब्ल्यूडी ने केजरीवाल की मांगों के आगे घुटने टेक दिए। अधिकारियों को इन अनियमितताओं से लाभ उठाने की अनुमति दी गई और इस प्रक्रिया में दिल्ली को लूटा गया। पीडब्ल्यूडी ने एक निजी संस्थान को तरह काम किया। सचदेवा ने खर्चों को भ्रष्टाचार और पाखंड का प्रतीक बताया। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने सार्वजनिक धन के कथित दुरुपयोग की पूरी सीमा को उजागर करने के लिए पीडब्ल्यूडी सहित कई सरकारी विभागों में खातों की जांच की मांग की है।

# बारिश की संभावना के बीच तेज हवा से मिली घने कोहरे से निजात, एक्यूआई भी हुआ ठीक



नई दिल्ली । दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में सोमवार सुबह घने कोहरे से लोगों को निजात मिलती दिखाई दी, लेकिन तेज हवाओं के चलते ठंड का असर जरूर देखने को मिल रहा है। रविवार को चली तेज हवा से सोमवार सुबह घने कोहरे से एनसीआर को निजात मिल गई और इसके साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में भी एक्यूआई में गिरावट दर्ज की गई है। यहां प्रदूषण में सुधार है। जबकि दिल्ली में एक्यूआई 300 के पार है। मौसम विभाग की मानें तो आज सोमवार 6 जनवरी के दिन एनसीआर में बारिश होने की संभावना जताई गई है। इसके चलते मौसम जरूर साफ हो जाएगा और न्यूनतम तापमान भी ऊपर चढ़ेगा लेकिन अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। जिसके चलते लोगों को कड़कड़ाती ठंड का सामना करना पड़ेगा। मौसम विभाग के मुताबिक 6 जनवरी को अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 10 डिग्री बने रहने की संभावना जताई गई है। 7 जनवरी को घने कोहरे के साथ अधिकतम तापमान 18 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। ऐसे ही 8, 9 और 10 जनवरी को भी घना कोहरा एनसीआर में छाए रहने की संभावना जताई गई है। इस दौरान भी अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। आज 6 जनवरी को जहां अधिकतम तापमान 16 डिग्री और न्यूनतम तापमान 9 डिग्री रहेगा, वहीं 9 जनवरी को अधिकतम तापमान 17 और न्यूनतम तापमान 8 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। इसके साथ-साथ 10 जनवरी को अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम तापमान 7 डिग्री रहने की संभावना बताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 11 और 12 जनवरी को एक बार फिर एनसीआर में बारिश होने की संभावना जताई गई है। रविवार को चल रही तेज हवा के चलते एक्यूआई में भी काफी सुधार देखने को मिला है। दिल्ली में अगर बात करें तो एक्यूआई 300 के पार है। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में एक्यूआई 300 के अंदर ही है और कई जगह ऐसी हैं जहां पर हवा काफी ज्यादा साफ हो गई है।

## संगम विहार में गैंगवार की घटना, पांच-सात लड़कों ने चलाई युवक पर गोली

नई दिल्ली । दिल्ली के संगम विहार से एक गैंगवार की घटना सामने आई है। यहां पांच से सात लड़कों ने एक युवक पर गोली चलाई। दिल्ली में एक बार फिर से गैंगवार की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है। जानकारी के मुताबिक इस गैंगवार में नासिर नाम के युवक को आरोपियों ने गोली मार दी। बता दें कि यह घटना दिल्ली के संगम विहार इलाके में रविवार रात करीब 8.30 बजे की है। 22 वर्षीय नासिर को गोली मारकर आरोपी मौके से फरार हो गए। यह मामला संगम विहार की गली नंबर 24 का है। वहीं अब घायल को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नासिर को गर्दन में गोली लगी है, जिससे उसकी हालत गंभीर है। पहली नजर में पुलिस को यह मामला आपसी रंजिश का लग रहा है। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों की गिरफ्तारी की है। नासिर के पिता अब्दुल ने कहा, पांच से सात लड़के देर शाम गली में आए और मेरे बेटे को गोली मारकर मौके से फरार हो गए। मैंने सभी को भागते हुए देखा और मैं सबको जानता भी हूं। बाद में उन्होंने आगे जाकर भी गोली चलाई, जहां उन्हें दबोच लिया गया। मेरा बेटा घर से निकला ही था। मेरी तबीयत खराब थी वह मुझे ही देखने आया था। मगर बाहर जाते ही उस पर हमला किया गया। मेरे बेटे का किसी से कोई झगड़ा नहीं है। उसकी गर्दन पर गोली लगी है। उसकी हालत अभी गंभीर है। वहीं घायल चाचा शमशेर खान ने भी कहा कि नासिर की किसी से भी कोई दुश्मनी नहीं थी। बता दें कि जब आरोपी नासिर को गोली मारने के बाद दूसरे साथी को मारने जा रहे थे, तो तभी नासिर के परिवार के लोगों ने हमलावरों को घेर लिया और उनसे पिस्टल छीन ली। वहीं पुलिस इस मामले में मामला दर्ज की आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त स्थानीय लोगों का कहना है कि नासिर को गोली मारने की वारदात के बाद अगर पुलिस समय पर अलर्ट हो जाती तो शायद गैंगवार बीच में ही रुक जाती। वारदात के बाद इलाके में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस इलाके में आए दिन गोलीबारी व मारपीट की वारदातें होती हैं।

# दिल्ली सरकार ने एचएमपीवी को लेकर चिंताओं के बीच अस्पतालों को तैयार रहने का दिया निर्देश

नई दिल्ली । दिल्ली सरकार ने कर्नाटक में ह्यूड्डमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) के दो मामले सामने आने के बाद राजधानी के सभी अस्पतालों को सांस संबंधी बीमारियों में संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार रहने का सोमवार को निर्देश दिया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने ''अत्यंत आवश्यक'' निर्देश जारी करते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को स्थिति पर बारीक नजर रखने तथा समय पर अद्यतन जानकारी के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ लगातार संपर्क में रहने का निर्देश दिया। भारद्वाज द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है, ''केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की सलाह के अनुसार दिल्ली सरकार के अधीन अस्पतालों को श्वसन संबंधी बीमारियों में किसी भी संभावित वृद्धि से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रहना चाहिए।''स्वास्थ्य सचिव को प्रतिदिन तीन सरकारी अस्पतालों का निरीक्षण करने का काम सौंपा गया है, जिसकी शुरुआत सबसे बड़े अस्पतालों से होगी तथा कई प्रमुख मापदंडों पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। इसमें आवश्यक दवा सूची के अनुसार दवाओं की उपलब्धता, आईसीयू बेड और पीएसए ऑक्सीजन संयंत्रों और रेडियोलॉजिकल उपकरणों की परिचालन स्थिति शामिल है। निर्देश के अनुसार,अस्पतालों को तीव्र श्वसन रोगों के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं का अनुपालन करने के अलावा ओपीडी और आईपीडी काउंटरों पर डेटा एंट्री ऑपरेटरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी आवश्यकता है। ये निर्देश केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा इसकी पुष्टि किए जाने के बाद आए हैं कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कई श्वसन वायरस रोगजनकों के लिए नियमित निगरानी के माध्यम से कर्नाटक में एचएमपीवी के दो मामलों का पता लगाया है। भारद्वाज ने निर्देश में कहा, 'राष्ट्रीय राजधानी में श्वसन संबंधी बीमारियों के रुझानों पर नजर रखना और ध्यान देने की जरूरत वाले किसी भी मुद्दे पर तुरंत कार्रवाई करना महत्वपूर्ण है। तत्काल निर्णय की जरूरत वाले किसी भी मामले की जानकारी सीधे फोन पर दी जानी चाहिए।''

# ग्रामीण मुद्दों पर सार्वजनिक बहस करें केजरीवाल - बिधूड़ी




नई दिल्ली । पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी पर दिल्ली देहात के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लगाया है। दिल्ली देहात के मामले पर बिधूड़ी ने केजरीवाल को बहस की चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार बनने पर केवल दो महीनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान भाजपा करेगी। रामबीर सिंह बिधूड़ी ने कहा आप सरकार ने दिल्ली देहात और किसानों के हित में कोई काम नहीं किया है। यहां तक कि उन्होंने अपने किए गए वादे भी पूरे नहीं किए। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली देहात की विस्तारित आबादी को नियमित करने का प्रस्ताव शीला दीक्षित सरकार ने 2013 में पारित किया और इसे अधिसूचित कर दिया गया था। गांवों की आरडब्ल्यूए से कहा गया था कि वे अपना लेआउट प्लान जमा कराएं। सैंकड़ों लेआउट प्लान दिल्ली सरकार के पास जमा हुए, लेकिन इस बीच आप पार्टी सत्ता में आ गई और आज तक उस फैसले को लागू नहीं किया गया। बिधूड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री आतिशी ने वादा किया था कि दिल्ली देहात का गृह कर माफ कर दिया जाएगा, लेकिन नहीं किया। जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जाती थी, उन्हें वैकल्पिक आवासीय प्लॉट दिया जाता था, लेकिन केजरीवाल सरकार ने इस योजना को बंद करा दिया। इसी तरह किसानों के उत्तराधिकारियों के नाम म्युटेशन को भी बंद करा दिया था, जिसे पिछले दिनों भाजपा सांसदों के अनुरोध के बाद उपराज्यपाल ने शुरू कराया है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली के किसानों को फसल पर एमएसपी का 50 प्रतिशत अतिरिक्त दिया जाएगा, लेकिन इस वादे को भी पूरा नहीं किया। किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली का वादा किया, लेकिन किसानों से बिजली की व्यावसायिक कीमत वसूली जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन भूमिहीन किसानों को 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत जमीन दी गई थी उन्हें दिल्ली सरकार को उसका मालिकाना हक देना था। उस फैसले को भी यह सरकार दबाकर बैठी रही। उन्होंने कहा कि धारा 81-ए और 33-ए को समाप्त करने का फैसला भी दिल्ली सरकार के स्तर पर ही हो जाता, लेकिन दिल्ली सरकार ने इसे भी लागू नहीं किया। गांवों को शहरीकृत घोषित करने का फैसला न किए जाने से ये धाराएं लागू रहीं और इसी कारण लैंड पूलिंग पॉलिसी लागू नहीं की जा सकी। इन सबको लेकर दिल्ली के किसान परेशान हैं।

# अग्र अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

नई दिल्ली । अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन द्वारा नई दिल्ली में अग्र अलंकरण सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अग्रवाल समाज की 51 विशिष्ट विभूतियों को सम्मानित किया। महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित इस समारोह में भीलवाड़ा से सांसद दामोदर अग्रवाल, अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता सहित देश-विदेश से अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने भाग लिया। भगवान अग्रसेन की प्रेरणा से अग्रवाल समाज ने हमेशा देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने में समाज के सामर्थ्यवान वर्ग का योगदान अहम होगा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान समारोह न केवल समाज की गौरवशाली प्रतिभाओं का सम्मान है, बल्कि यह नई पीढ़ी को प्रेरणा प्रदान करता है। श्री बिरला ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने जो त्याग, समर्पण और सेवा की परंपरा स्थापित की, वही आज अग्रवाल समाज की पहचान और सम्मान का आधार है। हमें इस धरोहर को संभालते हुए अगली पीढ़ी को ऐसे संस्कार देने चाहिए कि जहां भी आपदा या संकट हो, हमारा हाथ सबसे पहले मदद के लिए बढ़े। भगवान अग्रसेन जी ने सिखाया कि लक्ष्मी की कृपा का उपयोग समाज कल्याण के लिए होना चाहिए। हमें इसी भावना के साथ आगे बढ़ना चाहिए। श्री बिरला ने यह भी कहा कि अग्रवाल समाज ने हमेशा भगवान अग्रसेन जी के विचारों से प्रेरणा लेकर देश के सर्वांगीण विकास में अपनी भूमिका निभाई है। यह समाज न केवल समर्थ और सक्षम है, बल्कि इसमें अनेक अद्वितीय प्रतिभाएं भी हैं, जिन्होंने अपने कार्यों से समाज और देश का गौरव बढ़ाया है। ओम बिरला ने कहा कि संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल को मैं पिछले 40 वर्षों से जानता हूं। वे निरंतर समाज की प्रगति के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने वैश्य समाज को संगठित करने और समाज के लिए बहुत बड़ा काम किया है। आज का कार्यक्रम समाज के लिए उनकी नि:स्वार्थ सेवा की एक झलक है। अपने आशीर्वचन में महामण्डलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि सम्मान व्यक्ति का नहीं परम्पराओं एवं कर्त्तव्यनिष्ठा का है। गीता में कहा गया है कि कर्तव्य के साथ जागरूक रहकर बिना परिणाम की चिंता किए, पूरी निष्ठा के साथ कर्म करना चाहिए। हमारा लक्ष्य अच्छा हो, भाव सच्चा हो और विश्वास पक्का हो। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने कहा कि अग्र अलंकरण सम्मान समारोह न केवल समाज की उत्कृष्ट प्रतिभाओं को सम्मानित करने का अवसर है, बल्कि यह एकता और समर्पण के साथ समाज को आगे बढ़ाने का संकल्प भी है। इसमें देश के अलावा विदेशों से भी विशिष्ठ व्यक्ति अवॉर्ड लेने आए हैं। इससे न सिर्फ उन्हें आगे और भी अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी बल्कि, और भी लोग बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। आज हमने स्पोर्ट्स से जुड़े जिन प्रतिभाओं को सम्मानित किया है उन्हें भारत सरकार ने भी पुरस्कार देने की घोषणा की है। संगठन समाज को एकता के सूत्र में पिरोकर समाज के उत्थान एवं सामाजिक कुप्रथाओं को दूर करने के लिए कार्य करती रहेगी। उन्होंने यह भी बताया कि 8 मार्च 2025 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अग्रवाल समाज देशभर में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित करेगा। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी योगदान देने वाले अग्रवाल समाज की जिन विभूतियों को महाराजा अग्रसेन ग्लोबल आईकॉन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया उनमें श्री बनारसी दास गुप्ता सेवा अवॉर्ड सियाराम अग्रवाल (रायपुर) को प्रदान किया गया। वहीं प्रो. के. के. अग्रवाल (सार्क नेशन, प्रेसिडेंट ऑफ साउथ एशियन युनिवर्सिटी), राजीव कुमार (चेयरमैन परम डेयरी), नितिन अग्रवाल (एमडी प्रयाग ग्रुप) एवं स्व. सुभाष गुप्ता (प्रधान, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल पंजाबी बाग, दिल्ली) को अग्ररत्न अवॉर्ड तथा महेश कुमार अग्रवाल (मैनेजिंग डायरेक्टर मेटालिक्स लि. ओडिसा) को भामाशाह अवार्ड दिया गया। इनके अलावा अग्र विभूषण अवॉर्ड, अग्र श्री अवॉर्ड एवं अग्र गौरव अवॉर्ड प्राप्त करने वाली प्रमुख शख्सियतों में शिक्षा के क्षेत्र में डॉ. रश्मि मंत्री (ग्लासगो, स्कॉटलैंड), हिमांशु गुप्ता (सेक्रेटरी, सीबीएससी), लीगल क्षेत्र में डॉ. रमेश गुप्ता (वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल ऑफ इंडिया), चिकित्सा क्षेत्र- डॉ. अनिल अग्रवाल (कार्डियोवैस्कुलर एंड थोरेसिक सर्जन, महाराजा अग्रसेन हॉस्पिटल, पंजाबी बाग), धार्मिक कार्य- घनश्याम गुप्ता जवेरी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, खाटू श्याम दिल्ली धाम), नारायण सेवा- कुलभूषण मित्तल (इंदौर), पुलिस सेवा- रजनीश गुप्ता (संयुक्त पुलिस आयुक्त, दिल्ली), फिल्म उद्योग- अभिषेक अग्रवाल (फिल्म निर्देशक), मीडिया और पत्रकारिता, रघुबीर गोयल (वाशिंगटन डी.सी., यूएसए), राजेश गुप्ता (सीएमडी, एनएनएस मीडिया ग्रुप), पवन सिंघल (फाउंडर, पैनोरमा मीडिया ग्रुप), ट्रांसपोर्ट क्षेत्र- रमेश अग्रवाल (चेयरमैन, अग्रवाल पैकर्स एंड मूवर्स), तकनीक क्षेत्र- नवीन कुमार बंसल (एडीजी, सीपीडब्ल्यूडी, लखनऊ), उद्योग क्षेत्र- अनिल मित्तल (चेयरमैन,सतमोला ग्रुप), समाजसेवा- बिपिन राम अग्रवाल (बेंगलुरु), स्पोर्ट्स के क्षेत्र में श्रीमती मोना अग्रवाल ( शूटिंग में पैरालम्पिक मेडल विनर) एवं आंचल गोयल (स्पेशल ओलम्पिक में गोल्ड मेडलिस्ट) आदि शामिल रहे।

# जम्मू बना देश का पहला उच्च हिमालयी रेलवे मंडल




नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जम्मू कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में रेलवे मंडल का आज उद्घाटन किया जो देश में पहला उच्च हिमालयी रेलवे मंडल है। श्री मोदी ने यहां आयोजित कार्यक्रम में वीडियो लिंक के माध्यम से जम्मू रेल मंडल के अलावा ओडिशा के रायगढ़ रेलवे मंडल और आंध्रप्रदेश के चेर्नापल्ली में नये टर्मिनल स्टेशन भवन का उद्घाटन किया। यहां कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, रेल, प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह, जम्मू कश्मीर सरकार में मंत्री सतीश शर्मा, जम्मू के सांसद जुगलकिशोर शर्मा, उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक वर्मा और फिरोज़पुर रेल मंडल प्रबंधक संजय साहू उपस्थित थे। जम्मू उत्तर रेलवे के अंतर्गत देश का 68वां और पहला उच्च पर्वतीय रेलवे मंडल होगा जो पंजाब के पठानकोट से शुरू होकर उत्तरी हिमाचल प्रदेश, जम्मू कश्मीर और भविष्य में लद्दाख तक विस्तृत होगा। जबकि पूर्वी तटीय रेलवे के अंतर्गत दक्षिणी ओडिशा के रायगढ़ में स्थित 107 करोड़ रुपये की लागत वाले रायगढ़ रेलवे मंडल के बनने से क्षेत्र के रेलवे बुनियादी ढांचे के विस्तार को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने संबोधन में जम्मू कश्मीर के लोगों को बधाई देते हुए कहा कि जम्मू रेलवे मंडल का लाभ जम्मू कश्मीर के साथ हिमाचल प्रदेश एवं पंजाब के कई शहरों के साथ लेह लद्दाख को होगा। जम्मू कश्मीर को देश के हिस्सों को अच्छे से जोड़ देगी। विश्व का सबसे ऊंचा आर्च पुल चिनाब पुल तथा पहला केबल पुल अंजी खड्ड पुल भारत की इंजीनियरिंग के बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से ओडिशा में प्रचुर प्राकृतिक संसाधन है। अनेक परियोजनाओं पर काम चल रहा है। 70 हजार करोड़ रुपए के परियोजनाओं पर काम चल रहा है। रायगढ़ा में रेलवे मंडल से जनजातीय क्षेत्रों में रेल नेटवर्क का विस्तार तेज होगा और पर्यटन एवं रोज़गार बढ़ने से क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक विकास को बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार रेलवे के विकास के लिए चार मानकों पर काम कर रही है। अवसंरचना का आधुनिकीकरण, बेहतर यात्री सुविधाएं, हर कोने से कनेक्टिविटी तथा रोजगार निर्माण के आयामों पर काम हो रहा है। 30 हजार किलोमीटर पटरियां बिछायीं गयीं हैं। लगभग शत प्रतिशत विद्युतीकरण हो गया है। उन्होंने कहा कि आज गठित ये रेल मंडल भारतीय रेलवे को 21वीं सदी का रेलवे प्रणाली बनाने में मददगार होंगे। इन इलाकों में निवेश के नये मौके मिलेंगे। नई नौकरियों का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि देश में हाईस्पीड ट्रेनों की मांग बढ़ रहीं हैं। 136 वंदे भारत एक्सप्रेस सेवाएं चल रहीं हैं। अपने परीक्षण परिचालन में वंदे भारत स्लीपर का पहला संस्करण 180 किलोमीटर की गति से कितनी कुशलता से दौड़ रहा है। वह समय दूर नहीं जब भारत में बुलेट ट्रेन दौड़ेगी।

रेलवे के सूत्रों के अनुसार जम्मू रेलवे मंडल की शुरुआत पठानकोट से होती है। यह रेलवे मंडल पठानकोट से बारामूला तक 423 किलोमीटर, पठानकोट से भोगपुर तक 87.21 किलोमीटर, पठानकोट से बटाला 68.17 किलोमीटर, पठानकोट से जोगिंदरनगर तक 163.72 किलोमीटर तक कुल 742.1 किलोमीटर का है। इसमें से पठानकोट से जोगिंदरनगर तक 163.72 किलोमीटर नैरोगेज लाइन है। सूत्रों ने बताया कि भविष्य में बनने वाला सामरिक रूप से अति महत्वपूर्ण बिलासपुर-मनाली-लेह रेलमार्ग भी जम्मू मंडल के अंतर्गत आएगा। भारतीय रेलवे के नेटवर्क पर सर्वाधिक ऊंचाई वाला ब्रॉडगेज का स्टेशन काज़ीगुंड जम्मू मंडल में शामिल है जो कश्मीर घाटी का पहला स्टेशन है और समुद्र तल से इसकी ऊंचाई 1722 मीटर या 5650 फुट है।

उल्लेखनीय है कि जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश का उक्त रेलवे नेटवर्क अभी तक उत्तर रेलवे के फिरोज़पुर मंडल के अंतर्गत आता था। फिरोज़पुर रेलवे मंडल को उत्तर भारत के सबसे कमाऊ रेलवे मंडल के रूप में जाना जाता है। सूत्रों का कहना है कि रेलवे मंडल के गठन पर कुल करीब 350 करोड़ रुपए का व्यय आने का अनुमान है। नये जम्मू मंडल में 3114 पुल (चिनाब पुल और अंजी पुल सहित), 58 छोटी बड़ी सुरंगें (भारत की सबसे लम्बी परिवहन सुरंग -टी-49 और टी-80 सहित) तथा 08 अमृत भारत स्टेशन (बैजनाथ पपरोला, पालमपुर, पठानकोट सिटी, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी, उधमपुर, श्री माता वैष्णो देवी कटरा, बडगाम) होंगे। 17 माल टर्मिनल/माल गोदाम, 06 गति-शक्ति कार्गो टर्मिनल, 08 पार्सल कार्यालय, 94 बुकिंग कार्यालय तथा 26 आरक्षण कार्यालय होंगे। सूत्रों का कहना है कि जम्मू रेल मंडल बाद राजस्व की दृष्टि से इस क्षेत्र को बहुत लाभ होने की उम्मीद है। माल ढुलाई एवं यात्री परिवहन पर मिलने वाले माल एवं सेवा कर (जीएसटी) से इस क्षेत्र को सालाना करीब दस हजार करोड़ रुपए मिलेगा जो अभी तक फिरोज़पुर जाता रहा है। सूत्रों ने यह भी बताया कि एक दो दिन में रेलवे मंडल के उद्घाटन के दिन ही श्रीमाता वैष्णोंदेवी कटरा से रियासी के बीच रेलवे लाइन का रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा अंतिम परीक्षण किया जाएगा। रेल संरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलते ही कश्मीर घाटी से शेष भारत का रेल लिंक पूर्ण हो जाएगा और जल्द ही इस पर गाड़ियों का परिचालन शुरू हो जाएगा। रेलवे लिंक के चालू होने के बाद कश्मीर घाटी से माल की आवाजाही भी रेलवे को मिलने लगेगी और घाटी के विकास को गति मिलेगी। रविवार को श्रीमाता वैष्णोंदेवी कटरा से बारामूला तक रेलवे के एलएचबी रैक के परिचालन का परीक्षण किया गया। पांच कोच का यह रैक 75 किलोमीटर प्रतिघंटा की गति से चलाया गया। जम्मू कश्मीर में रेलवे के इतिहास पर नज़र डालें तो 1947 से पहले अविभाजित भारत में जम्मू और सियालकोट के बीच सीधी रेल सेवा थी, जो 1890 में शुरू हुई थी, लेकिन 1947 में देश के विभाजन के बाद रेल सेवा बंद हो गई। 1965 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध के बाद पंजाब के पठानकोट से जम्मू की ओर रेल सेवा पर काम शुरू हुआ और 1972 में यह शुरू हुई। जम्मू के लिए पहली ट्रेन श्रीनगर एक्सप्रेस के नाम से शुरू हुई, जो अब झेलम एक्सप्रेस के नाम से चलती है और उसके बाद से जम्मू में अन्य ट्रेनें भी आने लगीं। वर्ष 1981 में जम्मू से ऊधमपुर तक रेल परियोजना शुरू की गई थी और इसकी आधारशिला तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 14 अप्रैल 1983 को रखी थी। करीब 22 वर्ष बाद 13 अप्रैल 2005 को तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने ऊधमपुर के लिए रेल सेवा को हरी झंडी दिखाई जो सेना की उत्तरी कमान का मुख्यालय भी है। इसके बाद 11 अक्टूबर 2009 से स्थानीय रेल सेवा के विभिन्न खंड शुरू किए गए और 4 जुलाई 2014 को माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर कटरा के लिए भी रेल सेवा शुरू की गई जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। बीते वर्ष फरवरी में कश्मीर घाटी में बानिहाल से संगलदान तक 48 किलोमीटर का खंड शुरू हो गया है। इसके बाद संगलदान से रियासी तक रेलवे लाइन को भी रेल संरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिल चुकी है। रियासी से श्रीमाता वैष्णोंदेवी कटरा के बीच करीब 17 किलोमीटर की लाइन बन कर तैयार है और इसे शीघ्र ही रेल संरक्षा आयुक्त की मंजूरी मिलने की संभावना है। रेलवे के अधिकारी कटरा से श्रीनगर एवं बारामूला के बीच गाड़ियों के परिचालन के लिए योजना भी तैयार कर रहे हैं। कटरा से बारामूला के बीच दूरी करीब 260 किलोमीटर है।

# महाकुम्भ के लिए अद्भुत कलाकृतियों से सजे प्रयागराज के रेलवे स्टेशन



महाकुम्भनगर । महाकुम्भ 2025 की तैयारियों को डबल इंजन की सरकार भव्य स्वरूप दे रही है।

खासतौर पर पूरे शहर का सौंदर्यीकरण किया गया है, जिससे प्रयागराज का कायाकल्प स्पष्ट रूप से बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी नजर आ रहा है। इसी क्रम में भारतीय रेलवे भी प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक छवि को निखारने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पेंट माई सिटी अभियान के तहत प्रयागराज के सभी रेलवे स्टेशनों को कला और संस्कृति के अद्भुत केंद्रों में परिवर्तित कर दिया गया है। प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित करा रहीं दीवारें प्रयागराज के रेलवे स्टेशन जिनमें प्रयागराज जंक्शन, नैनी जंक्शन, फाफामऊ, प्रयाग जंक्शन, झूंसी रेलवे स्टेशन, रामबाग रेलवे स्टेशन, छिवकी रेलवे स्टेशन, प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन और सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन महाकुम्भ के दृष्टिगत भारत की कला और संस्कृति का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। इन स्टेशनों की दीवारों पर हिंदू पौराणिक कथाओं और भारतीय परंपराओं को चित्रित करने वाली भव्य और आकर्षक कलाकृतियां बनाई गई हैं। रामायण, कृष्ण लीला, भगवान बुद्ध, शिव भक्ति, गंगा आरती और महिला सशक्तिकरण जैसे विषयों पर आधारित ये कलाकृतियां श्रद्धालुओं और पर्यटकों को प्रयागराज की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराती हैं। कलाकृतियां श्रद्धालुओं को करेंगी आकर्षित रेलवे की यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रयागराज की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक परंपराओं को भी दर्शाती है। इन कलाकृतियां में ऋषि परंपरा, गुरु-शिष्य परंपरा, ज्ञान और त्याग के महत्व को दिखाया गया है, जो प्रयागराज के आध्यात्मिक स्वरूप को और भी उजागर करते हैं।ये कलाकृतियां महाकुम्भ 2025 के लिए आने वाले लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । भारतीय रेलवे का यह प्रयास कला और विकास का संगम प्रस्तुत करता है। यह पहल यह सुनिश्चित करती है कि महाकुम्भ 2025 में प्रयागराज आने वाले हर व्यक्ति को न केवल भव्य आयोजन का हिस्सा बनने का अवसर मिले, बल्कि वे इस शहर की गहराई और इसकी सांस्कृतिक जीवंतता को भी महसूस कर सकें।

# शहीद पिता के पुत्र और शहीद पुत्रों के पिता हैं गुरुगोबिंद सिंह महाराज – सीएम योगी

**श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ**

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। मुख्यमंत्री योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश दे दिया, लेकिन भारत का शीश बचा लिया मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है। वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ। चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... योगी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। %सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं... गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। जातिभेद व छुआछूत को समाप्त करने के लिए की खालसा पंथ की स्थापना मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छूआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की विधर्मी ताकतों को रास्ते से हटने के लिए कहा। सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास प्रदान कर रहा प्रेरणा मुख्यमंत्री ने कहा कि सिख गुरुओं गुरु नानक देव, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोबिंद सिंह महाराज तक ने जो परंपरा डाली, उनका गौरवशाली इतिहास प्रेरणा प्रदान कर रहा है। सीएम ने सभी से कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज के विचित्र नाटक का अध्ययन कीजिए, पता चलेगा कि वे दिव्य महापुरुष थे, जो पूर्व जन्म और उन स्थितियों के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का प्रकाश पर्व उसी प्रेरणा का दिवस है, जहां सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान व कृतित्व से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर सिंह महाराज गुरु गोबिंद सिंह को बाल्यकाल में लाकर यहियागंज गुरुद्वारे में रुके थे। इतनी ऐतिहासिक परंपरा का संरक्षण करना, उसे बढ़ाकर भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष होने के कारण यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जैसे गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व को बड़े उत्साह से आयोजित किया गया था, इन आयोजनों को भी इसी तरह बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता है। यदि इन्हें उसी रूप में बढ़ाएंगे तो भावी पीढ़ी पर उपकार होगा और लोगों को इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी। खालसा पंथ, सिख गुरुओं के त्याग- बलिदान के बारे में प्रेरणा प्राप्त होगी। सीएम ने आह्वान किया कि सिख गुरुओं का बलिदान, उनकी प्रेरणा देश व समाज के लिए उपयोगी बनाने में हम सब अपना योगदान दे पाएंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख,अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, डॉ. हरजोत सिंह, सतनाम सिंह सोढ़ी, सरदार दलजीत सिंह, पार्षद राजू गांधी, सरदार त्रिलोचन सिंह आदि मौजूद रहे।

# चामुंडा देवी मन्दिर में निस्वार्थ रोगी सेवा हेतु नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

वृन्दावन। प्राचीन चामुंडा देवी मन्दिर प्रांगण में श्रीराधा गिरधारी मन्दिर (गौरा नगर,वृन्दावन) के द्वारा पूज्य महंत रमण बिहारी दास महाराज (रसमय दास) के पावन सानिध्य में निस्वार्थ रोगी सेवा हेतु नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया।जिसमें डॉक्टर कन्हैया बघेल ने सैकड़ों निर्धन रोगियों का परीक्षण करके उनको नि:शुल्क औषधि प्रदान की। महंत रमण बिहारी दास महाराज (रसमय दास) ने कहा कि श्रीराधा गिरधारी मन्दिर के द्वारा समूचे ब्रज मंडल (चौरासी कोस) के एक गांव में रोगियों की सेवा हेतु प्रत्येक रविवार को यह नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाए जाएंगे। जिसके अंतर्गत कुशल चिकित्सकों के द्वारा संत, ब्रजवासी, वैष्णव, निर्धन-निराश्रित आदि का परीक्षण करके उन्हें नि:शुल्क औषधियां प्रदान की जायेंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, संत संतोष दास महाराज, प्रेमप्रीति दास, चारुसेवा दास, राहुल दास, महादेव दास, डॉ. राधाकांत शर्मा एवं प्रेम सिंह आदि की उपस्थिति विशेष रही।

# कॉलेजों में पढ़ने वालों विद्यार्थियों को युवा मित्र बनाएगी पुलिस



बलिया । स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम के तहत कॉलेजों में पढ़ने वाले युवाओं को पुलिस विभाग की बारीकियां सिखाई जाएंगी। ताकि वे पुलिस मित्र के रूप में आवश्यकता पड़ने पर पुलिस का सहयोग कर सकें। इसके लिए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के नेतृत्व में ।रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार में सोमवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के युवा कार्यक्रम विभाग द्वारा स्पेल कार्यक्रम सभी राज्यों के पुलिस विभाग के सहयोग से स्नातक स्तर के विद्यार्थियों के लिए संचालित किया जा रहा है।

जिसका उद्देश्य है छात्रों को पुलिस विभाग के अनुभवों का लाभ मिले। इसकी अवधारणा यह है कि यदि विद्यार्थी अपनी शैक्षिक संस्था के बाहर किसी व्यावसायिक संस्था में विशेषज्ञों के पर्यवेक्षण में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं तो यह विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक कौशल में वृद्धि तो करता ही है, साथ ही साथ लोगों से प्रभावी संवाद और संपर्क स्थापित करने की क्षमता में भी गुणात्मक सुधार करता है। विद्यार्थी समाज के साथ क्रियाशील तरीके से जुड़ते हैं और सामाजिक-आर्थिक मुद्दों की व्यावहारिक समझ बढ़ने से उनको प्राप्त होने वाली अकादमिक शिक्षा पुष्ट होती है और वास्तविक जीवन की समस्याओं का समाधान निकालने की संभावनाएं बढ़ती हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से स्नातक स्तर के छात्र-छात्राओं को पुलिस थाने और अन्य पुलिस प्रतिष्ठानों में तीस दिवसीय ट्रेनिंग दी जाएगी। जिससे कि छात्र-छात्राओं में संज्ञानात्मक कौशल व लोक कौशल में सुधार हो और साथ ही साथ वे कानून और आपराधिक प्रक्रिया, आपराधिक अनुसंधान, यातायात नियंत्रण, साइबर क्राइम, मानव तस्फरी, कानून व्यवस्था, इत्यादि जैसे विषयों पर प्रशिक्षण इन्टर्न के रूप में प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम से जहां एक ओर विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा, तो दूसरी तरफ पुलिस के लिए भी यह एक ऐसा अवसर है कि वे युवा पीढ़ी में पुलिस मित्र बना सकें। पुलिस के ये युवा मित्र स्वयं तो लाभान्वित तो होंगे ही, साथ ही पुलिस को नए सुझाव दे सकते हैं। सोशल मीडिया पर पुलिस के लिए सकारात्मक विचार प्रसारित करेंगे। पुलिस के ये युवा मित्र भविष्य में पुलिसके ब्रांड एम्बेसडर भी बनेंगे। यही विद्यार्थी पुलिस विभाग में अपना करियर भी चुन सकते हैं। इसके लिए आने वाले दिनों में विद्यार्थियों को प्रमुख रूप से आपराधिक कानूनों और प्रक्रियाओं का आधारभूत ज्ञान दिया जाएगा। आपराधिक अन्वेषण, यातायात प्रबंधन, कानून-व्यवस्था और सामान्य पुलिसिंग सम्बन्धी आधारभूत ज्ञान दिया जाएगा। इस प्रोग्राम के तहत स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को क्रेडिट प्वाइन्ट मिलेंगे और इसका उल्लेख इनकी मार्कशीट में भी होगा। अपर पुलिस अधीक्षक या पुलिस उपाधीक्षक इस कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी होंगे। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा एक ऑनलाइन पोर्टल mybharat.gov.in विकसित किया गया है। जिले के नोडल अधिकारी व एसएचओ का इस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन होना है। छात्रों को पंजीकरण के लिए पोर्टल पर जाकर खुद को युवा के रूप में पंजीकृत करना होगा।

चयनित थानों पर एक उपनिरीक्षक या मुख्य आरक्षी को नोडल अधिकारी बनाया जायेगा। प्रत्येक छात्र एक महीने तक प्रतिदिन चार घंटे तक कार्य करेगा, जो कुल मिलाकर 120 घंटे की अनुभवात्मक शिक्षा होगी। चार क्रेडिट पॉइंट्स पाने के लिए 120 घण्टे पूर्ण करना होगा। हालांकि, जिन छात्रों का अकादमिक रिकार्ड अच्छा है और उनके संस्थानों की युवा सम्बन्धी गतिविधियों में पृष्ठभूमि है, उन्हें अनुभवात्मक शिक्षा के लिए प्राथमिकता दी जायेगी।

# खेत में सिंचाई के लिए गए दलित दम्पती रहस्यमय ढंग से लापता, पुलिस खोजबीन में जुटी

जौनपुर । खुटहन थाना क्षेत्र के विशुनपुर ग्राम पंचायत स्थित मलूकपुर गांव में रविवार की सुबह खेत की सिंचाई करने गए दलित दम्पती खेत से ही संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। देर शाम तक उनको घर न लौटने पर परिवार के लोग परेशान हो गए। खेत में फावड़ा, साइकिल और चप्पल पड़ा मिला। आस पास तलाश के बाद देर रात कई ग्रामीण थाने पर पहुंच गए। दम्पती के लापता होने की खबर लगते ही थाने पर सीओ शाहगंज अजीत सिंह चौहान व एसपी सिटी अरविंद वर्मा पहुंच गए। परिजनों ने हत्या का अंदेशा जाहिर करते हुए अज्ञात के नाम तहरीर दी है। रात में ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दिया। मामले में पुलिस गांव में दम्पती से पुरानी रंजिश से लेकर विभिन्न दृष्टिकोणों से घटना की छानबीन कर रही है। गांव निवासी राम चरित्तर (62) वर्षों पूर्व से गांव के ही धर्मवीर सिंह का खेत बंटाई पर जोतते बोते चले आ रहे हैं। इस वर्ष भी खेत में गेहूं की फसल बोई गई है, जिसकी सिंचाई के लिए वह अपनी पत्नी किस्मत्ती (58) के साथ रविवार सुबह लगभग छह बजे खेत में गए थे। शाम तक वापस नहीं लौटे तो परिवार के लोग खोजते हुए खेत में गए। वहां उनका कुछ पता न चलने पर अगल-बगल के खेतों में भी काफी दूर तक खोजबीन किए। खेत में राम चरित्तर का चप्पल फावड़ा और साइकिल खड़ी मिली। किंतु उन दोनों का कहीं पता नहीं चला। दम्पती को अचानक गायब हो जाने की खबर गांव में जंगल की आग की तरह फ़ैल गई। घटना से आक्रोशित परिजन कई ग्रामीणों के साथ रात लगभग साढ़े दस बजे थाने पर जमा हो गए। एसपी सिटी व क्षेत्राधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच टार्च की रोशनी में घटनास्थल का निरीक्षण किए। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। इस मामले में सोमवार को जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी शाहगंज अजीत सिंह चौहान ने बताया कि दम्पती की तलाश की जा रही है और अन्य बिन्दुओं पर भी जांच चल रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मध्यप्रदेश में कोहरे के बीच ट्रक व कार की टक्कर में चार लोगों की मौत

सागर । मध्यप्रदेश के सागर जिले में सोमवार को घने कोहरे के बीच एक ट्रक और कार की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। शाहगढ़ थाना प्रभारी संदीप खरे ने बताया कि यह हादसा सागर-छतरपुर रोड पर हीरापुर गांव के पास हुआ। उन्होंने बताया कि एसयूवी कार में सवार लोग अपने कार्यस्थल जा रहे थे। खरे ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए तीन लोगों को सागर के जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### पंजाब और हरियाणा में कई स्थानों पर कड़ाके की ठंड जारी

चंडीगढ़ । पंजाब और हरियाणा के कई स्थानों पर सोमवार को भी ठंड की स्थिति बनी रही। मौसम विभाग ने बताया कि पंजाब के शहीद भगत सिंह नगर जिले में बल्लोवाल सौखड़ी सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पंजाब के अन्य स्थानों पर न्यूनतम तापमान अमृतसर में 7.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो सामान्य से चार डिग्री अधिक है। लुधियाना में न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस, पटियाला में 8.4 डिग्री, पठानकोट में 9.3 डिग्री, बठिंडा में 7.4 डिग्री और गुरदासपुर में 8.0 डिग्री सेल्सियस रहा। हरियाणा के अंबाला में न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस, हिसार में 9.4 डिग्री, करनाल में 8.5 डिग्री, नारनौल में 7.5 डिग्री, भिवानी में 10.0 डिग्री और सिरसा में 12.0 डिग्री दर्ज किया गया। दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री अधिक है। दोनों राज्यों में कुछ स्थानों पर कोहरा भी छाया रहा।

### गुजरात के कच्छ में बोरवेल में गिरी किशोरी, बचाव अभियान जारी

भुज । गुजरात में कच्छ जिले के एक गांव में सोमवार सुबह 18 वर्षीय एक किशोरी गहरे बोरवेल में गिर गई जिसे बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के भुज तालुका के कंदेराई गांव में सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। भुज के डिप्टी कलेक्टर एबी जादव ने बताया कि किशोरी राजस्थान के प्रवासी मजदूरों के परिवार से थी। वह 540 फुट गहरे बोरवेल में 490 फुट की गहराई पर फंसी हुई है। जब परिवार ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय लड़की बोरवेल में गिर गई है तो अधिकारियों को संदेह हुआ कि इतनी उम्र की लड़की बोरवेल में कैसे गिर गई। जादव ने बताया कि उन्होंने दोपहर में कैमरे की मदद से उसके बोरवेल में होने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि स्थानीय बचाव दल बोरवेल में लगातार 'ऑक्सीजन' पहुंचा रहा है। अधिकारी ने बताया, 'लड़की अचेत अवस्था में है। उसे बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय बचाव दल उसे ऑक्सीजन दे रहा है।' उन्होंने बताया कि बचाव कार्यों में सहयोग के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीमों को भी बुलाया गया है।

### कश्मीर घाटी में बर्फबारी के बाद स्थिति को बहाल करने का काम जारी है -मुख्यमंत्री अब्दुल्ला

श्रीनगर । जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को कहा कि घाटी में बर्फबारी के बाद स्थिति को सामान्य करने का काम तेजी से किया जा रहा। कश्मीर घाटी और जम्मू संभाग के कुछ इलाकों में रविवार को मध्यम से भारी बर्फबारी हुई, जिसके कारण कई इलाकों में सड़कें अवरुद्ध हो गईं और बिजली आपूर्ति बाधित हुई। अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''जम्मू-कश्मीर में कल (रविवार) हुई बर्फबारी के बाद, विशेष रूप से घाटी में, स्थिति को सामान्य करने का कार्य तेजी से किया जा रहा है और इसकी निगरानी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''घाटी में वर्तमान में 1,200 मेगावाट बिजली की खपत हो रही है तथा इसमें और वृद्धि की संभावना है। बर्फ हटाने का काम जारी है और मुख्य सड़कों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है।'' उन्होंने कहा कि मंत्री सकीना इटू और जावेद डार तथा मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी स्थिति की समीक्षा के लिए जिलों का दौरा करेंगे।

### सहपाठी को फंसाने के लिए उसका फर्जी इंस्टाग्राम एकाउं बनाया, महाकुम्भ में विस्फोट की धमकी दी

महाकुम्भ नगर । मेला पुलिस ने महाकुम्भ मेले में बम धमाका करने की धमकी देने के आरोपी छात्र से पूछताछ की तो खुलासा हुआ कि उसने अपने सहपाठी को फंसाने के लिए उसका फर्जी इंस्टाग्राम एकाउंट बनाया और महाकुम्भ में विस्फोट की धमकी का संदेश पोस्ट कर दिया। आरोपी छात्र को पुलिस ने शनिवार को बिहार के पूर्णिया में हिरासत में ले लिया और रविवार को उसे प्रयागराज लाकर पूछताछ की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (कुम्भ) राजेश द्विवेदी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी किशोर कक्षा 11वीं का छात्र है और उसने किसी बात को लेकर अपने सहपाठी को फंसाने के लिए उसके नाम का फर्जी इंस्टाग्राम एकाउंट बनाकर यह धमकी भरा संदेश वायरल किया। उन्होंने बताया कि आरोपी छात्र ने अपने दोस्त के नाम पर फर्जी अकाउंट बनाकर उसके जरिए अपमानजनक और भड़काऊ पोस्ट साझा की जिसमें महाकुम्भ में 1000 लोगों को मारने की धमकी दी गई थी। द्विवेदी ने बताया कि इस मामले में मेला कोतवाली थाना में बीएनएस और आईटी अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था और तीन टीमों को इस मामले की जांच में लगाया गया था। उन्होंने बताया कि रविवार को आरोपी नाबालिग छात्र को संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

### महिला के लापता होने के बाद दो समुदायों के बीच झड़प, दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ शिकायत की

गोरखपुर (उप्र) । कुशीनगर जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र में एक महिला के लापता होने के बाद अलग-अलग समुदायों के दो परिवारों के बीच विवाद झड़प में बदल गया। पुलिस ने सोमवार को बताया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामला लौकरिया गांव (कुशीनगर जिले में) के निवासी जय कुमार से जुड़ा है, जिनकी बेटी का विवाह गोरखपुर के गुलरिहा क्षेत्र में हुआ था। वह 28 दिसंबर, 2024 को लापता हो गई थी। जय कुमार की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, गोरखपुर पुलिस उसी गांव के निवासी अली हसन के घर दो जनवरी को पूछताछ करने आयी थी। जय कुमार ने अली हसन के पुत्र रोज मोहम्मद पर अपनी बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाया, जिसके कारण परिवारों के बीच तनाव बढ़ गया और झड़प हो गई। झड़प के बाद, जय कुमार के पिता बाडू उर्फ रमई पासवान ने चार लोगों के खिलाफ गोरखपुर के गुलरिहा पुलिस स्टेशन में तहत शिकायत दर्ज कराई। यह मामला दो जनवरी को रोज मोहम्मद सहित चार लोगों के खिलाफ दर्ज किया गया था। पुलिस के मुताबिक, इसके बाद रोज मोहम्मद की मां, ऐरुन्निसा ने जय कुमार के परिवार के खिलाफ एक शिकायत दर्ज कराई। नेबुआ नौरंगिया थाने (कुशीनगर) में पांच जनवरी को सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। खड्डा के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) उमेश चंद भट्ट ने बताया कि स्थिति नियंत्रण में है और आगे की जांच चल रही है।

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी

लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर सोमवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गुरु गोबिंद सिंह सिखों के 10वें गुरु थे। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, महान संत, सिखों के दशम गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु श्री गोबिन्द सिंह जी महाराज के पावन प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटि-कोटि नमन! उन्होंने कहा, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए समर्पित उनका पराक्रमी जीवन हम सभी को सत्य, सेवा और त्याग के मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करता है।